राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 50 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया।

# दिल्ली में अब 'रेखा राज', शपथ आज

## ● विधायक दल की मीटिंग में विधायक प्रवेश वर्मा ने रखा नाम का प्रस्ताव

**रेखा के सिर ताज**

**दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं रेखा गुप्ता, विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, आज सीएम पद की लेंगी शपथ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। कल यानि 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें रेखा गुप्ता विधायक दल के नेता के रूप में चुनी गईं। रेखा गुप्ता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगी और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। विधायक दल की बैठक के लिए भाजपा ने इन्हें सौंपी थी जिम्मेदारी इससे पहले 19 फरवरी यानि बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए।
भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

**कई राज्यों के मुख्यमंत्री हो सकते हैं शामिल**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा-एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा।

**बॉलीवुड से भी आ सकते हैं कई मेहमान**

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है। कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसपीजी, अर्द्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस का बहुस्तरीय घेरा मौजूद रहेगा।दिल्ली महिला विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 48 सीटें जीतीं, कुल 45.56% वोट मिला। इसका बड़ा कारण यह भी रहा कि भाजपा ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की थी।






## कैसा रहा अब तक का राजनीतिक करियर?

पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।
2007: उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं।
2007-09: एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की दो साल तक अध्यक्ष रहीं।
2009: दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं।
2010: भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी।
2012: उत्तरी पीतमपुरा वॉर्ड-54 से फिर बनीं पार्षद।

**2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में नहीं मिली थी सफलता**

रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था।

## संघ ने नाम बढ़ाया, आलाकमान की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: 50 साल की रेखा गुप्ता जिंदल दिल्ली की नौवीं सीएम होंगी। भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। वे दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से विधायक हैं। उन्होंने आप की वंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया। रेखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) और बीजेपी से जुड़ी हैं। दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री के तौर पर संघ ने रेखा गुप्ता का नाम आगे बढ़ाया था और पार्टी ने उस पर मुहर लगा दी। रेखा ने छात्र राजनीति से करियर की शुरूआत की, दो बार विधायक का चुनाव हार चुकी हैं। फिर भी 3 वजहें हैं, जिसके चलते उन्हें मुख्यमंत्री चुना गया... रेखा भी पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य हैं। दिल्ली में वैश्य समुदाय व्यापार में होल्ड रखता है। ये हमेशा बीजेपी का कोर वोटर माना जाता है। इसी वजह से भाजपा के तीन नेताओं के नाम सीएम पद की दौड़ में थे।



**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। केंद्र** सरकार ने बिहार, हरियाणा और सिक्किम के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग का अनुदान जारी किया है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार बिहार को 821.8021 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिली है और अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त का 47.9339 करोड़ रुपये का हिस्सा रोक लिया गया है। ये फंड सभी 38 जिला पंचायतों, 530 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 8052 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं, जिन्होंने रिलीज के लिए अनिवार्य शर्तें पूरी की हैं। हरियाणा में ग्रामीण स्थानीय निकायों को 202.4663 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिलेगी और अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त का रोका हुआ हिस्सा 7.5993 करोड़ रुपये होगा। ये फंड 18 पात्र जिला पंचायतों, 142 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 6195 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं। सिक्किम को वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6.2613 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिलेगी।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा

**रैली**

**अब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 23 फरवरी को उत्तर बंगाल में चाय बागान से जुड़े मुद्दों पर एक बड़ी रैली करने वाले हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को बड़ा हंगामा देखने को मिला जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने चाय बागान पर्यटन नीति से जुड़े एक स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति न मिलने पर सदन से वाकआउट कर दिया। राज्य सरकार ने हाल ही में चाय बागानों की 30 प्रतिशत भूमि को पर्यटन उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का फैसला किया है, जिसका भाजपा शुरू से ही विरोध कर रही है। भाजपा विधायकों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लाने की मांग की थी, लेकिन स्पीकर ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी और तख्तियां दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने सदन से वाकआउट कर विधानसभा परिसर में धरना दिया। भाजपा इस नीति का लगातार विरोध कर रही है और अब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 23 फरवरी को उत्तर बंगाल में चाय बागान से जुड़े मुद्दों पर एक बड़ी रैली करने वाले हैं।

## उत्तराखंड में नया भू-कानून लागू

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। उत्तराखंड सरकार** ने नया भू-कानून लागू कर दिया है, जिससे बाहरी लोग राज्य के 11 पहाड़ी जिलों में उद्यान और कृषि भूमि नहीं खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने इस कानून को मंजूरी दी, जिससे 2018 में लागू भू-कानून के सभी प्रावधान निरस्त कर दिए गए हैं। नए कानून के तहत पहाड़ी जिलों की जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती लागू की जाएगी। पूर्व में जिलाधिकारी को भूमि खरीद की अनुमति देने का अधिकार था, लेकिन अब उनके अधिकार सीमित कर दिए गए हैं और वे व्यक्तिगत रूप से ऐसी अनुमति नहीं दे सकेंगे। प्रदेश में जमीन खरीद के लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा, जहां राज्य के बाहर के किसी भी व्यक्ति की क्रय की गई जमीन को दर्ज किया जाएगा। राज्य से बाहर के लोगों को भूमि क्रय के लिए अनिवार्य रूप से शपथ पत्र देना होगा। सभी जिलों के जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी। नए भू-कानून में प्रावधान किया गया है कि नगर निकाय सीमा में आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

## गांवों का विकास जरूरी: शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की कार्यकारी समिति के 77वें सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व बंधुत्व में विश्वास करने वाला देश है। हम सभी प्राणियों में सद्भाव एवं विश्व कल्याण की भावना रखते हैं। भारत वसुधैव कुटुम्?बकम में विश्वास करता है, यह हमें अपने घरों व अपने समुदाय, अपने देशों, अपने ब्रह्मांड से दूर जाने और पूरे ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में मानने के लिए कहता है। हमारे ऋषियों ने भी कहा है कि केवल हम ही नहीं बल्कि सब सुखी, निरोग व सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो, इसी भाव को मोदी सरकार अपनी धरती पर उतारने की कोशिश कर रही है। ललित होटल में आयोजित सत्र में चौहान ने कहा कि दुनिया का बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में बसता है।



**क्वालिटी खराब** जल की गुणवत्ता पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर असंतोष जताया

## एनजीटी ने संगम के पानी की गुणवत्ता पर यूपी सरकार को फटकार लगाई

**मापदंड**

**नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट उसके बाद की है। पानी की गुणवत्ता से जुड़े सारे मापदंडों का भी जिक्र नहीं है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रयागराज में गंगा और यमुना के जल की गुणवत्ता पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि ये राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि नदी का पानी साफ रहे। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि वो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर कार्रवाई करे। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एनजीटी को भरोसा दिलाया कि वो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर कार्रवाई करेगा। साथ ही गंगा यमुना में पानी की गुणवत्ता को लेकर एक हफ्ते में ताजा रिपोर्ट दाखिल करेगा। एनजीटी ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर यूपी सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि ये रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के समय के पहले की है। एनजीटी ने कहा कि आपने कोई नई रिपोर्ट दाखिल नहीं की है, क्योंकि यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट 12 जनवरी की है, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट उसके बाद की है। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता से जुड़े सारे मापदंडों का भी जिक्र नहीं है। एनजीटी ने कहा कि इस मामले में यूपी सरकार ने लंबा चौड़ा जवाब दाखिल किया है, लेकिन कहीं भी अपशिष्ट जल से प्रदूषित बताने वाले कोलीफॉर्म का जिक्र नहीं है।





# साठगांठ कर बिना काम किए जनता का 40 लाख डकारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** प्राधिकरण के ईएंडएम विभाग में बड़े घोटाले की बूं आ रही है। खंड में तैनात वरिष्ठ प्रबंधक-ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे है, जनता के पैसों को डकारने में जुटे है। खंड अधिकारियों की हरकत पर अंकुश लगाने के बजाए विभागीय प्रमुख उनके कृत को छिपाने में जुटे है। जबकि उन्हें जानकारी मिल चुकी है कि खंड की ओर से पहले काम का टेंडर जारी किया जा रहा है, फिर चहेते ठेकेदारों को आवंटन कर बिना काम का भुगतान कर पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है, फिर भी विभागीय प्रमुख की ओर से शीर्ष अधिकारियों को इस प्रकरण से अवगत नहीं कराया गया, यह आश्चर्य चकित करने वाली बात है।

**बरातघर में बिजली के काम के लिए दिया गया था टेंडर**



ताजा मामला सदरपुर बरातघर को लेकर प्रकाश में आया है, जहां पर विद्युत यांत्रिकी खंड तृतीय की ओर दो से तीन वर्ष पहले बरातघर में विद्युत संबंधी काम के लिए 40 लाख रुपये का टेंडर ठेकेदार कंपनी को आवंटित किया गया था, लेकिन यह काम ठेकेदार ने किया ही नहीं, लेकिन उसके कार्य का भुगतान खंड की ओर से पूरा कर दिया गया। किसी भी अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी, लेकिन 12 फरवरी को 237.39 लाख की लागत तैयार नया बारातघर का उद्घाटन जब गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा व नोएडा विधायक पंकज सिंह से करानी की तिथि तय हुई तो सिविल व ईएंडएम विभाग अपनी अपनी तैयारियों को परखने के लिए परियोजना स्थल पर पहुंचे। जहां पर ईएंडएम महाप्रबंधक आरपी सिंह विद्युत यांत्रिकी खंड तृतीय के कार्य को देखकर भौचक रह गए, क्योंकि यहां पर विद्युत संबंधित कार्य ही नहीं हुआ। पड़ताल करने पर वरिष्ठ प्रबंधक रविंदर कुमार ने बताया कि सिद्धि एनर्जी को 40 लाख का टेंडर जारी हुआ था, उसने कार्य पूरा कर दिया है, लेकिन मौके पर कार्य पूरा नहीं दिखाई दे रहा है। आनन-फानन में महाप्रबंधक ने एक अन्य ठेकेदार से का आग्रह कर विद्युत संबंधित कार्य को पूरा करा समय पर उद्घाटन कराया। प्रकरण पर जब खंड के वरिष्ठ प्रबंधक रविंदर कुमार से जानकारी ली, तो उन्होंने पहले जानकारी होने से ही इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि मेरी तैनाती से पहले का यह टेंडर है।

**गंभीर आरोप**

**खंड में तैनात वरिष्ठ प्रबंधक-ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं**

# गाजियाबाद में बिजली विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन

**साहिबाबाद।** बीते दो महीने में गाजियाबाद विद्युत निगम ने करीब 50 हजार बकायेदारों के कनेक्शन काटे हैं। साथ ही सात हजार से अधिक के घरों से मीटर भी उखाड़े हैं। इसके बाद भी विद्युत निगम इनसे राजस्व की वसूली नहीं कर पा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जो बकाया जमा कर रहे हैं उन्हीं के कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। अगर कोई कर्मी गलत तरीके से कनेक्शन को जोड़ता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की तिथि दो बार बढ़ने के बाद भी बकायेदार लाभ लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अभी तक महज 27 प्रतिशत बकायेदारों ने ही योजना में पंजीकरण कराया है, जिनसे कुल बकाये का 16 प्रतिशत राजस्व ही प्राप्त हुआ है। करीब 2.19 लाख बकायेदारों पर 385 करोड़ बकाया है। गाजियाबाद के बिजली बकायेदारों से अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके इसके लिए 15 दिसंबर को ओटीएस योजना शुरू हुई थी। अब तीसरा चरण चल रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। इक्का-दुक्का बकायेदार ही योजना का लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं। दरअसल जिले में विद्युत निगम के तीनों जोन में 302292 बकायेदारों पर 459 करोड़ बकाया था।

इनमें से 82 हजार 633 बकायेदारों ने करीब 73.84 करोड़ ही जमा किया है।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 98/2024-2025 दिनांक 19.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 20253847 | एल टाइप कम्पोजीशन ब्रेक ब्लॉक | 21589 नग | 19.03.25 |
| 02 | 04230058E | सर्वो प्लेक्स एस एच् सी–120 ग्रीस | 18200 कि.ग्राम | 20.03.25 |
| 03 | 77259011 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (टी-3706) | 4054714 नग | 24.03.25 |
| 04 | 77259012 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (टी-3702) | 1000000 नग | 01.04.25 |
| 05 | 77259009 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (T-8752 & 8753) | 100000 पेयर्स | 07.04.25 |
| 06 | 77259013 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (T-6938 & 6939) | 272776 पेयर्स | 17.04.25 |
| 07 | 77259010 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (T-8751) | 1484790 नग | 21.04.25 |
| 08 | 77259008 RGC | 10125 एम एम ओ/र (कर्वड) फैन शेप्ड स्विच | 200 सेट | 23.04.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

557/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय दास उर्फ पाव पुत्र** मनोरंजन दास **निवासी:** टी–41, सराय काले खां, नई दिल्ली, ने **FIR No. 33/2024, U/S 174A IPC, पुलिस स्टेशन सनलाईट कालोनी, दक्षिण– पूर्वी जिला, नई दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय दास उर्फ पाव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय दास उर्फ पाव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 33/2024, U/S 174A IPC, पुलिस स्टेशन सनलाईट कालोनी, दक्षिण–पूर्वी जिला, नई दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **विजय दास उर्फ पाव** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिती राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नंबर 508,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/2070/SE/2025
(Court Matter)


# वेनिस मॉल का मालिक सतेंदर भसीन उर्फ मोंटू गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा :** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के वेनिस मॉल के एमडी सतेंदर भसीन उर्फ मोंटू भसीन गिरफ्तार किया है। आरोपी मोंटू भसीन पर तोड़फोड़, मारपीट, दस्तावेज चोरी और आग लगाने का आरोप है। डीएस ग्रुप के साथ विवाद चल रहा है। जिसका एक केस एनसीएलटी में भी लंबित है। पुलिस का कहना है कि मोंटू भसीन पर तोड़फोड़, मारपीट, दस्तावेज चोरी करने आदि का आरोप है। डीएस ग्रुप की तरफ से बीटा-2 कोतवाली में मोंटू समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। उसी मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोप है कि आरोपी ने डीएस ग्रुप को नियमों के खिलाफ जाकर अपने ग्रुप से बाहर कर दिया था। इस बात का केस एनसीएलटी में लंबित है, लेकिन इस बीच साइट पर जाकर तोड़फोड़ की गई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# दोस्त को दी खौफनाक मौत, 4 फीट गहरा गड्ढा खोद दबाया शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोनी (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद के लोनी में बॉर्डर थाना की राजीव गार्डन कॉलोनी में सोमवार रात फाल सीलिंग का काम करने वाले कामगार ने साथी की हत्या कर शव को चार फीट गहरा गड्ढा खोदकर दबा दिया। ऊपर से बेड रख दिया। मंगलवार दोपहर को फर्श खुदा देकर आरोपी के पिता को शक हुआ तो घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**आरोपी को गिरफ्तार कर की जा रही पूछताछ**

वहीं, परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है।



**कुछ दूरी पर रहता है अंकित पांचाल**

जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से दोघाट बड़ौत के दीपक पत्नी और तीन बच्चे के साथ राजीव गार्डन कॉलोनी में रहते थे। वह फाल सीलिंग व पीवीसी पैनल का काम करते थे। दीपक के घर से कुछ दूरी पर अंकित पांचाल भी रहता है।

सोमवार दोपहर दीपक ने पत्नी कामगारों को देखने के लिए जाने की बात कहकर निकले थे। दीपक का दूसरा घर अंकित के घर के पास में है। शाम तक दीपक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।

**यह सुनकर उनका बेटा अंकित घर से भाग गया**

वहीं, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे साथी अंकित के पिता कमरे में झाड़ू लगाने लगे। बेड के नीचे टाइल्स टूटी हुई थी। मिट्टी पड़ी थी। यह सुनकर उनका बेटा अंकित घर से भाग गया। पिता ने दूसरे बेटे को बुलाया शक होने पर लोनी बॉर्डर थाना पुलिस को सूचना दी।

# गाजियाबाद के कई इलाकों में प्लॉटिंग को लेकर चल रहा बड़ा खेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर के बाहरी और ग्रामीण इलाकों में अवैध कॉलोनियों तेजी के साथ विकसित हो रही हैं। इनको बनाने में सफेदपोश नेताओं का संरक्षण है। राजनीतिक दलों में अधिकांश सत्ताधारी पार्टी के नेता या करीबी कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित कर प्लॉट काट रहे हैं, जिन्हें दूरदराज के जिलों और बाहर से परिवार के साथ यहां आकर नौकरी या छोटा-मोटा धंधा करने वाले लोगों को सस्ते में प्लॉट का झांसा देकर अवैध



कॉलोनियां काटी जा रही हैं। अफसरों को दबाव या सेटिंग गेटिंग के तहत काम करा रहे हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से अभी तक की कार्रवाई में कई सफेदपोश के नाम भी सामने आए हैं। पिछले करीब सवा एक माह में करीब 40 से अधिक अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई।

# नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन

**जेवर (नोएडा)।** नोएडा में जेवर कोतवाली क्षेत्र के एयरपोर्ट विस्थापन टाउनशिप के रोही निवासी पूर्व सैनिक के साथ झूठी शादी कर जेवरात और नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) शिवम** पुत्र अर्जुन सिंह, **(2) मोहन सिंह उर्फ मोनू** पुत्र अर्जुन सिंह **(3) अर्जुन सिंह** पुत्र स्वर्गीय श्री महेंद्र सिंह निवासी-मकान नंबर 190, गली नंबर 8, जीवन पार्क, सिरसपुर, दिल्ली, **(4) प्रदीप** पुत्र शिवराज सिंह निवासी तलकापुर, रछेड़, मुरैना, पोरसा, मध्य प्रदेश ने **एफ आई आर नंबर 518/2024 दिनांक 28.05.2024 धारा 3/4 मकोक अधिनियम थाना समयपुर बादली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) शिवम (2) मोहन सिंह उर्फ मोनू (3) अर्जुन सिंह (4) प्रदीप** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) शिवम (2) मोहन सिंह उर्फ मोनू (3) अर्जुन सिंह (4) प्रदीप** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) शिवम (2) मोहन सिंह उर्फ मोनू (3) अर्जुन सिंह (4) प्रदीप, एफ आई आर नंबर 518/2024 दिनांक 28.05.2024 धारा 3/4 मकोक अधिनियम थाना समयपुर बादली, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 14.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सुशील कुमार**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04
उत्तरी जिला
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/1983/ON/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमूल खुराना पुत्र** राज कुमार खुराना, **निवासी** मकान नं. 1560, आरआर–ब्लॉक, नवीन शाहदरा, दिल्ली, ने **FIR No. 362/2018, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन शाहदरा, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमूल खुराना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमूल खुराना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 362/2018, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन शाहदरा, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमूल खुराना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा–1
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–1,
कमरा नं0–55, द्वितीय तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1919/SHD/2025
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अमित कुमार पुत्र फागु राम 2. असपाक पुत्र बुधई अंसारी दोनों निवासी ई–46, अमर कॉलोनी, नांगलोई, दिल्ली** ने case **FIR No. 321/2023 U/s 12/9/55 Gambling Act, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **1. अमित कुमार 2. असपाक** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अमित कुमार 2. असपाक** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 321/2023 U/s 12/9/55 Gambling Act,** थाना नांगलोई, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **1. अमित कुमार 2. असपाक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अकांक्षा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 336ए,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1625/OD/2025(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम नारायण पुत्र प्रेम** निवासी H.N.227, गली नंबर 9, हलमद कॉलोनी तिलपत, फरीदाबाद हरियाणा ने **FIR. No. 16/20 dt.13.01.2020 U/s 33/52 Delhi Ex. Act.,** के अंतर्गत थानाः **पुल प्रह्लादपुर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम नारायण** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम नारायण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 16/20 dt.13.01.2020 U/s 33/52 Delhi Ex. Act.,** थानाः **पुल प्रह्लादपुर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राम नारायण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आजाद सहरावत, JMFC-10,
कमरा नंबर 307, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1361/SE/2025



## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 21.02.2025 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12015 (F1), 12050 (F1), 12459 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1). |
| 2. | 24.02.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1), 22438 (F1). |
| 3. | 27.02.2025 को 10:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12214 (F1), 12215 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 14041 (R1) (रविवार), 20914 (F1), 12963 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार), 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 4. | 28.02.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487 (सोमवार, मंगलवार और गुरुवार), 20408/20407, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/ 22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाडी संख्या : 22418/22417 |
| 5. | 03.03.2025 को 10:30 बजे | 02570 (F1), 03256 (F1), 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार, और मंगलवार के लिए), 12910 (F1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 12191 (R1), 20452 (F1), 20840 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 6. | 06.03.2025 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1) (बुधवार, शुक्रवार और शनिवार, 12448 (F1) (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और रविवार), 12455 (F1), 12481 (F1), 12612 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14303 (F1, F2, R1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1) |

**महत्वपूर्ण सूचना:**

1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_ centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।

2 निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है:
a. 12265 (F1).
b. 22401 (F 1).
c. 14041 (F1, R1).
d. 22454 (F1, F2, R1).

3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

560/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041



## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २



## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २



## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।



## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# शपथ समारोह में शामिल होंगे आतिशी-केजरीवाल?

**निमंत्रण**

**रामलीला मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार लोगों के आने की संभावना**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रामलीला मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार लोगों के आने की संभावना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस समेत सभी 12 विभाग सुरक्षा इंतजामात करने में लगा हुआ है। इसको लेकर मंगलवार देर शाम तक मुख्य सचिव के साथ 12 विभाग के अधिकारियों की कई घंटे तक बैठक हुई। भाजपा नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद पूरी दिल्ली में होर्डिंग लगाए जाएंगे। होर्डिंग में नए मुख्यमंत्री की फोटो होगी। शहर में अन्य स्थानों पर भी खुशी मनाई जाएगी। पार्टी 27 वर्षों के बाद सत्ता में लौट रही है, इसलिए इस अवसर को यादगार बनाने की तैयारी है।

**शपथ समारोह में कौन होगा शामिल?**
शपथ ग्रहण समारोह में राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राजग के सभी सांसदों व वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोग भी समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का नाम भी आमंत्रित लोगों में शामिल है।

**शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित लोग**
राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री
सभी सांसद और वरिष्ठ नेता
चुनाव में योगदान देने वाले अन्य राज्यों से संबंधित विस्तारक और प्रचारक
**दिल्ली के 250 धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि**
दिल्ली के बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के भाजपा पदाधिकारी
आप और कांग्रेस के प्रमुख नेता
झुग्गी बस्तियों में विभिन्न समाजों के प्रधान
सफाईकर्मी
रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधि
धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि
मुख्य अतिथि
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
गृह मंत्री अमित शाह
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
50 से अधिक वीआईपी नेता
समारोह में भाग लेने वाले अन्य भाजपा के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
सभी केंद्रीय मंत्री।

## आआपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बुधवार को प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्षों से दिल्ली चुनाव में सभी पदाधिकारियों की भूमिका की समीक्षा रिपोर्ट अगले 10 दिनों में सौंपने का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपनी विधानसभा की मौखिक रिपोर्ट भी रखी और उनके अनुभवों और सुझावों को भी सुना गया। समीक्षा रिपोर्ट पर आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से चर्चा करेंगे। इसके बाद जिन पदाधिकारियों से अच्छा काम किया है, उनको सम्मानित किया जाएगा।

# घर में लगी आग, एक व्यक्ति दूसरी मंजिल से नीचे कूदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नांगलोई में एक दिल दहला देनी वाली घटना सामने आई है। यहां एक मकान में गैस लीक होने से आग लग गई। आग लगने के दौरान एक शख्स मकान की दूसरी मंजिल से नीचे कूद गया। घटना में एक नाबालिग समेत छह लोग घायल हुए है। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की तीन गाड़ियो दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। दमकल विभाग के अनुसार बीती देर रात करीब 9.45 बजे सूचना मिली कि वाई-655 मोबाइल मार्केट जनता मार्केट नांगलोई में आग लग गई है। समाचार मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियो को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार घटनास्थल पर पहुंचने के दौरान पता चला आग की लपटे मकान से बाहर निकल रही है। इसी बीच दूसरी मंजिल से एक व्यक्ति ने नीचे छलांग लगा दी। वहीं घटना में छह लोग घायल हुए है। घायलों की पहचान प्रांजल (19), प्रीति (40), पंकज (40), पनव (18), वैभव (13) और स्वेता (20) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



# स्टेशन पर भगदड़ मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने रेलवे को नोटिस जारी किया

**जवाब तलब**

**कोर्ट ने रेलवे से कहा कि आप अधिकतम यात्रियों और प्लेटफार्म टिकट की बिक्री तय करने पर विचार करें**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने रेलवे कंपार्टमेंट के अंदर अधिकतम यात्रियों और प्लेटफार्म टिकट बेचने की संख्या तय करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी। हाई कोर्ट ने रेलवे से कहा कि आप अधिकतम यात्रियों और प्लेटफार्म टिकट की बिक्री तय करने पर विचार करें। कोर्ट ने रेलवे को निर्देश दिया कि वे ऐसी भगदड़ से निपटने के लिए उठाए गए कदमों से अवगत कराएं। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इसे एक प्रतिकूल तरीके से नहीं लिया जाए, रेलवे नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि हादसे के दिन अप्रत्याशित स्थिति पैदा हो गई थी। उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिया कि याचिका में उठाए गए सवालों पर रेलवे उच्च स्तर पर विचार करेगा। तब कोर्ट ने कहा कि याचिका केवल हालिया भगदड़ से जुड़ी हुई नहीं है, बल्कि रेलवे कंपार्टमेंट के अंदर यात्रियों की अधिकतम संख्या और प्लेटफार्म टिकट के कानूनी प्रावधानों से जुड़ी हुई है।

# बच्ची के साथ हुई दरिंदगी को लेकर आप ने भाजपा को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सात साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने बुधवार को भाजपा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। आआपा के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के राज में दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। तिलक नगर इलाके में एक मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। अपराधियों में कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं है। वहीं उन्होंने मांग की कि भाजपा कुछ ऐसा करे, जिससे बलात्कारियों और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा हो। सिसोदिया और तिलक नगर से आआपा से विधायक जरनैल सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता की। वहीं विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि तिलक नगर में सात साल की बच्ची के साथ जो दुष्कर्म हुआ उसको लेकर दिल दुखी है और रोष में भी है कि गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को रोकने में नाकाम है।



**नाकाम**

**गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को रोकने में नाकाम है**

# छात्रों के साथ वॉकथॉन का आयोजन

**नई दिल्ली: बच्चों** व युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने की एक पहल में बुधवार को नरेला के कस्तूरी राम इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से एक वॉकथॉन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने नरेला बवाना रोड के सर्विस रोड पर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की। वॉकथॉन के पीछे का मुख्य उद्देश्य 'कैच देम यंग' दर्शन था। इसका उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करना था।

# बाढ़ नियंत्रण विभाग के अभियंता के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सराय काले खां गुरुद्वारे के पास अवैध रूप से पेड़ काटने के मामले में दिल्ली सरकार के वन विभाग ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई दिल्ली प्रिजर्वेशन ऑफ ट्रीज एक्ट, 1994 की धारा 8/24 के तहत की गई। दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी थाने में दर्ज एफआईआर में कहा गया कि सात फरवरी को वन विभाग को सराय काले खां गुरुद्वारे के निकट सिद्धार्थ नगर में अवैध पेड़ कटाई की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के अनुसार, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण कार्य के दौरान चार पेड़ों को बिना अनुमति के काटा गया। शिकायत मिलने के बाद दक्षिणी वन प्रभाग के अधिकारियों ने तत्काल स्थल का निरीक्षण किया और अवैध कटाई की पुष्टि की। इसके बाद उप वन संरक्षक (दक्षिण) ने 11 फरवरी को थाना प्रभारी, सनलाइट कॉलोनी को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया। पत्र में अवैध पेड़ कटाई के साक्ष्य, निरीक्षण रिपोर्ट और फोटोग्राफ्स भी संलग्न किए गए थे।




# महाकुंभः कैट को तीन लाख करोड़ के कारोबार का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने महाकुंभ 2025 में 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान जताया है। तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे अनुमानित रूप से 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के जरिए बड़े व्यापार के होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफी मजबूत हैं, जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है। खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना के साथ लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था। लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे, जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है। इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है तथा व्यापार के नए अवसरों का सृजन भी हुआ है। खंडेलवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और लगातार बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोगों का महाकुंभ में पहुंचना जारी है। खंडेलवाल ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया कि अनुमान के अनुसार व्यापार के अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है जिसमें प्रमुख रूप से अतिथि सत्कार एवं आवास, खाद्य एवं पेय पदार्थ, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, धार्मिक वस्त्र, पूजा सामग्री एवं हस्तशिल्प सहित अन्य अनेक वस्तुएं, कपड़ा, परिधान एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवाएं एवं वेलनेस सेक्टर, धार्मिक दान एवं अन्य धार्मिक आयोजन , मीडिया, विज्ञापन एवं मनोरंजन, बुनियादी ढांचा विकास एवं नागरिक सेवाएं, टेलीकॉम, मोबाइल, एआई तकनीक, सीसीटीवी कैमरा और अन्य तकनीकी उपकरणों के उपयोग आदि में बड़ा व्यापार हो रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला है।



**समावेश**

**मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है**

# शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली यातायात पुलिस ने रामलीला मैदान में गुरुवार को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर यातायात परिवर्तन और प्रतिबंधों के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है। शपथ ग्रहण समारोह में कई वीवीआईपी-वीआईपी भी शामिल होंगे। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की भी उम्मीद है। ऐसे में इस आयोजन के दौरान कुछ रास्तों पर ट्रैफिक रूट परिवर्तित किया जाएगा और यातायात प्रतिबंध लागू किये जायेंगे। एडवाइजरी में कहा गया है कि सुभाष पार्क टी-प्वाइंट, राजघाट, दिल्ली गेट, आईटीओ, अजमेरी गेट, रणजीत सिंह फ्लाईओवर, भवभूति मार्ग-डीडीयू मार्ग रेड लाइट और झंडेवालान के आसपास से यातायात का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। गुरुवार की सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक बहादुर शाह जफर मार्ग (आईटीओ से दिल्ली गेट), जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक), अरुणा आसफ अली रोड, मिंटो रोड से कमला मार्केट के गोल चक्कर से हमदर्द चौक, रणजीत सिंह फ्लाईओवर से तुर्कमान गेट और अजमेरी गेट से कमला मार्केट के गोल चक्कर और आसपास के इलाकों में यातायात संबंधी पाबंदियां लागू रहेंगी। यातायात पुलिस ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील की है।

# कांग्रेस ने खुद बताया- राजधानी में क्यों मिली हार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस का मानना है कि विधानसभा चुनाव तो इस बार पार्टी ने मजबूती से लड़ा, लेकिन जनता को सत्ता में आने का भरोसा नहीं दिलाया जा सका। ऐसे में आप सरकार के प्रति सत्ता विरोधी लहर होने के बावजूद उसका वोट बैंक कांग्रेस के खाते में नहीं आ सका। निस्संदेह भाजपा को भी इसी का फायदा मिला। दरअसल, विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस की दिल्ली कार्यालय में एक समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री डा. नरेंद्र नाथ, हारून यूसुफ, वरिष्ठ नेता जितेंद्र कोचर, अभिषेक दत्त सहित कई अन्य नेता भी शामिल हुए।



**बैठक में भविष्य की रणनीति पर की गई चर्चा**
इस बैठक में हार के मुख्य कारणों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि पार्टी को सिर्फ पुराने चेहरों के साथ आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। नए चेहरों को भी मौका देना होगा। हालांकि, इस बार काफी युवाओं को टिकट दिया भी गया था, लेकिन आने वाले वक्त में नए चेहरों को संगठन में भी जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा उन नेताओं, जो लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे हैं, को भी पदमुक्त कर काम करने वालों को मौका दिया जाएगा।
बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि कांग्रेस का परिवार बढ़ाना होगा। आम आदमी पार्टी के बहुत से वरिष्ठ नेता कांग्रेस में आना चाहते हैं उन्हें शामिल करवा लिया जाए।

**समीक्षा**

**ुनाव तो इस बार पार्टी ने मजबूती से लड़ा, लेकिन जनता को सत्ता में आने का भरोसा नहीं दिलाया जा सका**

# स्क्रैप कारोबारी से 97 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में एक कारोबारी से हथियार के बल पर बदमाशों ने कारोबारी से 97 लाख रुपये लूट लिये। काली स्कूटी पर आए दो बदमाशों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए तो पीड़ित ने थाने जाकर पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपितों व उनकी स्कूटी की पहचान करने की कोशिश कर रही है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बुधवार को बताया कि 16 फरवरी को दयालपुर थाने में लूट की शिकायत मिली।

# स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) की बागी सांसद स्वाति मालीवाल ने पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। स्वाति ने पत्र में दिल्ली विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष को लेकर बड़ी मांग कर दी है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में दलित समाज से आने वाले एक विधायक को नेता-प्रतिपक्ष बनाने की मांग की है।
इसकी जानकारी स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दी। स्वाति मालीवाल ने लिखा, "आज से 3 साल पहले अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में वादा किया था कि हम दलित उपमुख्यमंत्री बनाएंगे, लेकिन वो वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। आशा करती हूं वे इस बार दिल्ली से एक दलित विधायक को एलओपी बनाकर बाबसाहेब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे।" वहीं मालीवाल ने पत्र में लिखा, "दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष के रूप में दलित विधायक की नियुक्ति अपना वादा पूरा करें। अरविंद जी, उम्मीद है कि आप कुशलमंगल होंगे। दिल्ली चुनावों के नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य और मन की शांति पर ध्यान दे रहे होंगे। इस पत्र के माध्यम से आपके समक्ष एक जरूरी मांग रखना चाहती हूं। आपको याद होगा आपने 2022 में पंजाब चुनाव के दौरान वादा किया था कि जीतने के उपरांत हम एक दलित उपमुख्यमंत्री बनाएंगे, लेकिन बहुत दुख की बात है कि 3 साल बाद भी ये वादा पूरा नहीं हुआ।"



# विशेष ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने के कारण भगदड़ हुई थी: रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई और 15 यात्री घायल हो गए थे। भगदड़ का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आरपीएफ की एक आंतरिक रिपोर्ट के आधार पर यह कहा जा रहा है कि विशेष ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने के कारण भगदड़ हुई थी।
वहीं, रेलवे ने इस रिपोर्ट को गलत करार दिया है। उसका कहना है कि रेलवे प्रशासन द्वारा दो सदस्यीय समिति गठित की गई है। उसके अतिरिक्त कोई और जांच नहीं चल रही है। रेलवे प्रशासन ने रात को ही उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की थी। जांच समिति में उत्तर रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर नरसिंह देव और प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर पंकज गंगवार शामिल हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि समिति 100 से अधिक लोगों के व्यक्तिगत बयान एकत्र कर रही है। सभी बयान दर्ज होने और गहन जांच के बाद समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

**प्लेटफार्म बदलने से भगदड़ होने की बात सामने आई**
इससे पहले आरपीएफ की आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार प्लेटफार्म बदलने से भगदड़ होने की बात कही जा रही थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे शिवगंगा एक्सप्रेस के प्लेटाफार्म 12 से रवाना होने के बाद स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी, जिससे फुट ओवरब्रिज दो और तीन के साथ ही प्लेटफार्म नंबर 12, 13, 14, 15 व 16 पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरपीएफ अधिकारी ने स्थिति का आकलन कर स्टेशन निदेशक से अनारक्षित टिकट की बिक्री नहीं करने को कहा था। आरपीएफ के अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया। इसी दौरान लगभग पौने नौ बजे प्लेटफार्म नंबर 12 से प्रयागराज विशेष ट्रेन रवाना करने की उद्घोषणा हुई। उसके कुछ समय बाद इसे बदलकर प्लेटफार्म नंबर 16 कर दिया गया।

# 'भगदड़ वाले दिन मेरे पास ट्रेन का टिकट था...पर मैं वापस लौट आया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कहते हैं कि 'मृत्यु की घड़ी को कोई नहीं टाल सकता।' आजादपुर के सब्जी मंडी रोड पर रहने वाले मृतक रंजीत पहले अपने परिवार के साथ महाकुंभ ट्रेन से जा रहे थे। परिवार के पांच सदस्यों का ट्रेन में रिजर्वेशन था।

**भीड़ के कारण अंदर नहीं जा सके**
15 फरवरी को सभी लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दिन भीड़ अधिक होने के कारण स्टेशन पर भगदड़ मच गई। इसलिए सभी लोग स्टेशन के अंदर नहीं जा सके। परिवार के सभी लोग बाहर से ही लौट गए। इसके बाद 17 फरवरी यानी सोमवार शाम को रंजीत ने कार बुक कराई और परिवार के साथ दोबारा महाकुंभ जाने की योजना बनाई। मंगलवार सुबह सभी लोग कार से महाकुंभ पहुंचे।




**स्नान कर लौटे रहे थे वापस**
वहां उन्होंने स्नान कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंगलवार शाम 5 बजे वे लोग वापस दिल्ली अपने घर के लिए निकले। बुधवार तड़के 3:50 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मृतक रंजीत के बेटे दिव्यांशु ने भावुक होते हुए बताया कि रात में जब पिता से फोन पर बात हुई थी तो उन्होंने बताया था कि वह रास्ते में हैं और सभी ने खाना खा लिया है। सुबह तक पहुंच जाएंगे। बुधवार तड़के 3:50 बजे पुलिस का फोन आया तो उन्होंने हादसे की जानकारी दी।

**हादसा**

**दादा, दादी और बहन समेत सभी ने महाकुंभ से लौटने के बाद 27 को बिहार जाने की योजना बनाई थी**

**मां, दादी और ड्राइवर इलाजरत**
इस सड़क हादसे में दादा कुणाल, पिता रंजीत और ममेरी बहन प्रेमलता की मौत हो गई है। मां रीता देवी, दादी रूपा देवी और ड्राइवर माधव अभी घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**लौटते समय दूसरा ड्राइवर लेकर आया था कार**
दिव्यांशु ने बताया कि भगदड़ और भीड़ की खबर सुनकर जब सभी लोग ट्रेन से नहीं जा सके तो हमने किराए पर गाड़ी बुक की ताकि सभी लोग उससे सुरक्षित यात्रा कर सकें। यहां से गाड़ी लेकर गया ड्राइवर वापस नहीं लौटा है। महाकुंभ से लौटते समय ड्राइवर बदल दिया गया था। ऐसा क्यों किया गया, इसकी भी हमें कोई जानकारी नहीं है।

**महाकुंभ से लौटने के बाद बिहार जाने की थी योजना**
दिव्यांशु ने बताया कि उसके माता-पिता, दादा, दादी और बहन समेत सभी ने महाकुंभ से लौटने के बाद 27 फरवरी को बिहार जाने की योजना बनाई थी।

# सीएम ने की राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का जमीनीस्तर पर क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को त्वरित लाभ मिले। नागरिकों के जीवन को सुगम व खुशहाल बनाना सरकार का दायित्व है, इसलिए सभी अधिकारी प्राथमिकताएं तय करते हुए जनता की परेशानियों व शिकायतों का समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां प्रशासनिक सचिवों और जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक की सह-अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की। बैठक में लोकसभा सांसद



धर्मबीर सिंह, नवीन जिंदल, जय प्रकाश, विधायक राम कुमार कश्यप, विनोद भ्याना, तेजपाल तंवर, कपूर सिंह, श्रीमती सावित्री जिंदल और देवेंद्र कादियान भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए जिला उपायुक्तों को सख्त निर्देश दिए कि इस योजना के तहत लंबित लगभग 77,000 लाभार्थियों द्वारा किए गए आवेदनों की जियो टैगिंग का कार्य आगामी 15 दिनों में पूरा किया जाए, ताकि जल्द से जल्द इन लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए किस्त जारी की जा सके।

### पंचायत प्रतिनिधियों की करवाई जाएगी ट्रेनिंग

**बैठक** में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु ट्रेनिंग करवाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इस वर्ष सभी ज़िला पार्षदों, पंचायत समिति सदस्यों तथा ग्राम पंचायत सरपंचों की 31 मार्च, 2025 तक ट्रेनिंग करवाई जाएगी। आगामी वित्त वर्ष में सभी पंचों की ट्रेनिंग करवाने हेतु कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा गांव की फिरनी से 3 किलोमीटर के दायरे तक नियमों में बदलाव करने के परिणामस्वरूप प्रदेश में 2547 ढाणियों में बिजली के कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नई सूची तैयार करने के लिए भी सर्वे का कार्य तीव्र गति से करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत महाग्राम पंचायत में 50 वर्ग गज के भूखंड और सामान्य ग्राम पंचायत मे 100 वर्ग गज के भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं। पहले चरण में 62 ग्राम पंचायतों (61 सामान्य ग्राम पंचायत व 1 महाग्राम पंचायत) मे ड्रा के माध्यम से 4533 परिवारों को भूखंड आवंटित कर दिया गया है। इन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मकान बनाने के लिए राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। अगले चरण के लिए 1,000 पंचायतों को चिह्नित कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भ्रूण जांच करने वाले व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर इस दिशा में तीव्र गति से कार्य करें। इसके अलावा, उपायुक्तों को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को बाजार की सुविधा सुनिश्चित करवाने के लिए सांझा बाजार हेतु स्थान चिन्हित करें।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में हरियाणा को बनाना है सर्वप्रथम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में हरियाणा देश में पहला राज्य है, जिसने नीति को 2025 तक लागू करने की पहल की है। जबकि देश के सभी राज्यों को केंद्र सरकार ने 2030 तक लागू करने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि हॉर्टिकल्चर के माध्यम से महिलाएं व्यवसाय करके अन्य लोगों को भी रोजगार देने का कार्य कर सकती हैं।

शिक्षा मंत्री आज दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (सोनीपत) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सर्वप्रथम उन्होंने दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**नीति**

**▶▶ प्रदेश की बोली को भाषा बनाने पर संस्कृत विश्वविद्यालय कार्य करें: शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा**

उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर शिक्षा का भी विमोचन किया।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के साथ मिलकर सभी कुलपति गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से तय समय पर लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे पास हर विषय के विशेषज्ञ हों, इस पर हम सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा सरकार ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय (यू.के.) के साथ किया समझौता ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा बागवानी को बढ़ाने की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए, बागवानी फसलों के लिए हरियाणा-यूके सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन सस्टेनेबल क्रॉप पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट एंड कोल्ड चेन स्थापित करने के लिए बर्मिंघम विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पंचकूला में स्थापित होने वाले इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य खेत से उपभोक्ता तक बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता और ताजगी को बनाए रखते हुए कटाई के बाद होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम करना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

हरियाणा सरकार की ओर से समझौता ज्ञापन पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू ने हस्ताक्षर किए, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से बर्मिंघम विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर (अंतर्राष्ट्रीय) प्रोफेसर रॉबिन मैसन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत का खाद्यान्न भंडार होने के कारण हरियाणा तेजी से ताजे फलों और सब्जियों के उत्पादन में विविधता ला रहा है। इस विस्तार के लिए कोल्ड चेन के प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता है ताकि इस बागवानी क्षेत्र में कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बबार्दी को कम करने और हरियाणा में कृषि समुदाय का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उत्कृष्टता केंद्र एक छत के नीचे एक व्यापक अनुसंधान और परीक्षण केंद्र के रूप में काम करेगा, जो फलों और सब्जियों के कटाई के बाद के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। यह सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएस एचएयू), हिसार और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के छात्रों और शोधकताओं के लिए महत्वपूर्ण अनुसंधान और परीक्षण सेवाएं भी प्रदान करेगा, जिससे उन्हें कटाई के बाद के प्रबंधन और कोल्ड चेन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अध्ययन और प्रयोग करने में मदद मिलेगी। हरियाणा-यूके सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख उद्देश्यों में दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करके कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना, बागवानी उत्पादों के लिए कुशल कोल्ड चेन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण सुविधाएं प्रदान करके और प्रगति का समर्थन करके कोल्ड चेन नवाचारों को बढ़ावा देना, कोल्ड चेन प्रौद्योगिकियों के लिए इनक्यूबेशन समर्थन प्रदान करके तकनीकी स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना, ऊर्जा-कुशल कोल्ड चेन समाधानों पर अत्याधुनिक अनुसंधान और टिकाऊ व्यापार मॉडल के विकास के माध्यम से टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना और बागवानी उपज की बबार्दी को रोकने के उद्देश्य से कोल्ड-चेन प्रथाओं और कटाई के बाद के प्रबंधन (पीएचएम) के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय ढांचा स्थापित करना शामिल है। मुख्य शोध गतिविधियों के अलावा, केंद्र व्यवसायों और किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और ऊष्मायन सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उन्हें तेजी से विकसित हो रहे कृषि परिदृश्य में अनुकूलन और विकास करने में मदद मिलेगी। हरियाणा सरकार ने उङ्गए-रढटउउ के विकास के लिए पंचकूला के सेक्टर 21 में बागवानी निदेशालय से सटी 15 एकड़ जमीन आवंटित की है। केंद्र में एक प्रशिक्षण केंद्र, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन क्षेत्र, परीक्षण केंद्र और प्रौद्योगिकी ऊष्मायन केंद्र होगा। इस सहयोग से, हरियाणा फसल कटाई के बाद टिकाऊ प्रबंधन और कोल्ड चेन प्रथाओं में एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तैयार है, जो खाद्य अपशिष्ट को कम करने और बागवानी खेती की लाभप्रदता और स्थिरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## हरियाणा सरकार अवैध खनन करने वालों के खिलाफ लगातार कस रही शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज्य में अवैध खनन संबंधी बयानों को निराधार और सत्य से परे बताया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए राज्य में 5,000 करोड़ रुपये के नुकसान तथा भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान अवैध खनन के कारण कुल 50,000 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है। खनन एवं भूविज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने जारी बयान में कहा कि तथ्यों की जांच करने पर पाया गया कि कैग रिपोर्ट वर्ष 2019 से संबंधित है तथा रिपोर्ट में अवैध खनन के कारण 5000 करोड़ रुपये के नुकसान का कोई उल्लेख नहीं है। रिपोर्ट पर दिसंबर 2022 में पीएसी में चर्चा हो चुकी है। हालांकि रेत और बजरी की खदानों के भू-स्थानिक सर्वेक्षण के आधार पर कुछ निष्कर्ष सामने आए थे, लेकिन अवैध खनन के कारण 5000 करोड़ रुपये के किसी विशेष नुकसान या "घोटाले" की पहचान सीएजी द्वारा नहीं की गई थी, जैसा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया है। चूंकि सीएजी द्वारा भू-स्थानिक अध्ययन के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली त्रुटिपूर्ण थी, इसलिए इस पर आधारित निष्कर्षों का खान एवं भूविज्ञान हरियाणा विभाग द्वारा चर्चा के दौरान खंडन किया गया। लोक लेखा समिति (पीएसी) ने अवैध खनन को रोकने के लिए निगरानी प्रणाली में सुधार की सिफारिश की थी।



उन्होंने कहा कि पीएसी की सिफारिशों के आधार पर विभाग ने खनन गतिविधियों की निगरानी बढ़ाने के लिए पहले ही कई कदम उठाए हैं। विभाग ने पुरानी ई-रवाना प्रणाली को एनआईसी द्वारा विकसित नए एचएमजीआईएस पोर्टल से बदल दिया है, जो पिछली प्रणाली की सभी खामियों को दूर करता है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए नई ई-रवाना प्रणाली को अब सीसीटीवी कैमरों और तौल कांटों के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, वास्तविक समय में वाहनों के स्थानों को ट्रैक करने और निगरानी करने के लिए एचएआरएसएसी के सहयोग से जीपीएस-सक्षम वाहनों को एचएमजीआईएस पोर्टल के साथ जोड़ा गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि अवैध खनन से निपटने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स (डीएलटीएफ) और राज्य स्तरीय टास्क फोर्स (एसएलटीएफ) दोनों पहले से ही गठित की गई हैं। वर्तमान में, जिला स्तरीय टास्क फोर्स में शामिल सभी विभाग अवैध खनन की घटनाओं और अवैध रूप से खनन किए गए खनिजों के परिवहन पर भी निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो का गठन किया है। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो और संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी अंतिम रूप दिया गया है। यह प्रक्रिया जिला और राज्य दोनों स्तरों पर अधिकारियों द्वारा की जाने वाली विभिन्न कार्रवाइयों की रूपरेखा तैयार करती है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा लिमिटेड को राज्य भर में सभी चालू खनन स्थलों का ड्रोन सर्वेक्षण करने के लिए कार्य आदेश दिया है।

**अंकुश**

**▶▶ संलिप्त लोगों के विरुद्ध जुमार्ने के साथ-साथ की जा रही कानूनी कार्रवाई: विभाग**

## सरकार का ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने का है लक्ष्य: गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाए जाने के विजन को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसलिए अधिकारी कौशल योजनाओं के तहत ज्यादा से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के पाठ्यक्रम में शामिल करवाएं। हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य भी ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाना है। इसी दिशा में सरकार अथक प्रयास कर रही है। वे आज यहां युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता व विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, दुधौला (पलवल) विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सक्षम योजनाएं, ड्रोन दीदी योजना, प्रधानमंत्री किसान कल्याण निधि योजना को धरातल पर पहुंचाने की पहल करनी होगी। आज हरियाणा की युवा शक्ति खेल एवं कौशल विकास में निरंतर आगे बढ़ रही है। ड्रोन दीदी व लखपति दीदी केंद्र सरकार की अनूठी योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ हरियाणा की महिलाओं को भी मिले, इसके लिए सरकार ने ड्रोन दीदी तैयार करने की रूपरेखा तैयार की है।

**निर्देश**

**▶▶ गौतम ने बैठक की अध्यक्षता करते योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

### आबोहवा सुधार के लिए साढ़े चार करोड़ स्वीकृत: डा. कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने जींद के विकास के साथ-साथ यहां की आबोहवा को जहरमुक्त बनाने की कार्य योजना तैयार की है। इस कार्य योजना को सिरे चढ़ाने के लिए डिप्टी स्पीकर ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में जींद की आबोहवा को जहरमुक्त बनाने के लिए मंथन हुआ और लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई।

## इस बार सरसों की सरकारी खरीद होगी 15 मार्च से शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार सरसों की फसल के मंडी में जल्द आगमन को देखते हुए 28 मार्च की बजाए 15 मार्च से ही सरकारी खरीद शुरू कर दी जाए।

मुख्यमंत्री आज यहां रबी विपणन मौसम 2025-26 के दौरान सरसों की खरीद करने बारे आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सरसों की खरीद की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसान हितों को हमेशा सर्वोपरि रखती है और हमेशा किसानों की भलाई के कार्यों को तवज्जो देती है। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां सभी फसलों को एमएसपी ( न्यूनतम समर्थन मूल्य ) पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सरसों की खरीद के लिए 108 मंडियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड व संबंधित विभागों को सरसों की खरीद सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में आम तौर पर 17 से 20 लाख एकड़ क्षेत्र में सरसों उगाई जाती है जबकि रबी फसल सीजन 2024-25 के दौरान 21.08 लाख एकड़ क्षेत्र में सरसों उगाई गई है। ऐसे में अनुमानित उत्पादन 15.59 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है।

**निर्धारित**

**▶▶ किसान हितों को ध्यान में रख लिया गया निर्णय, खरीद के लिए 108 मंडियां निर्धारित की**

## मनोहर लाल और नायब सैनी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके त्रिलोचन सिंह भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में निकाय चुनाव से पहले करनाल में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दर्जनभर नेताओं ने पार्टी छोड़ी दी। करीब 42 साल पुराने कांग्रेस नेता त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना और नीटू मान समेत कई नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। ये नेता मेयर पद के लिए टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। त्रिलोचन सिंह पूर्व सीएम मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं।

पहले से ही संगठन की कमी और गुटबाजी से जूझ रही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई है। मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी के खिलाफ दो बार करनाल विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके 42 साल पुराने नेता कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, युवा नेता नीटू मान समेत दर्जनभर नेताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया।

दोनों नेताओं ने मेयर पद के लिए टिकट नहीं मिल पाने के चलते पार्टी छोड़ने का कारण बताया। सुबह पार्टी छोड़ने के बाद शाम को सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने इस बार मेयर पद के लिए मनोज वधवा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि त्रिलोचन सिंह और अशोक खुराना भी टिकट के दावेदार थे।पार्टी में हो रही अनदेखी के चलते नेताओं ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी, लेकिन हाईकमान इन नेताओं को समझाने में नाकाम रहा। इससे पहले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद त्रिलोचन सिंह, खुराना के घर पहुंचे और मुंह मीठा कराके उनका पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस के ही नेता प्रवेश गाबा को भी सीएम ने घर पर जाकर पार्टी ज्वाइन कराई। देर शाम कांग्रेस, जजपा और आम आदमी पार्टी के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर सीएम ने भाजपा में उनका स्वागत किया।

त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना, नीटू मान और रानी कांबोज के पार्टी छोड़ने की बात से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा और लोकसभा के प्रत्याशी रहे दिव्यांशु बुद्धिराजा सकते में आ गए।

## सड़क दुर्घटना घटित होने के एक घंटे का समय पीड़ित के लिए गोल्डन ऑवर

**टीम एक्शन इंडिया**


**चंडीगढ़:** हरियाणा की गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर केंद्र सरकार ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग द्वारा राज्यों की पुलिस को इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। दुर्घटना के बाद एक घंटे का समय गोल्डन ऑवर होता है पीड़ितों को नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया जाए तो अमूल्य जीवन बचाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस ने इस कड़ी में एक अनूठी पहल करते हुए घायल पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये की कैशलेस उपचार सुविधा दी जा रही है जिसकी अवधि दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिन तक होगी। अब तक 21 व्यक्तियों को कैशलेस सुविधा का लाभ दिया जा चुका है। योजना में नेशनल हेल्थ ऑथारिटी, स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकार के पैनल पर अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। अस्पताल प्रबंधन घायल व्यक्ति का डाटा अपने सॉफ्टवेयर में अपलोड करेगा और संबंधित पुलिस थाने को सूचित करेगा। पुलिस थाना 6 घंटे के अंदर-अंदर पुष्टि करेगा कि घायल व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है या नहीं। पुष्टि के बाद घायल व्यक्ति को कैशलैस इलाज की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा र162 के तहत, यह उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे राष्ट्रीय राजमार्गों व राज्यीय मार्गों पर यातायात सचेतक चिन्ह लगवाने में विशेष जोर दें जिनमें दुर्घटना संभावित जोन, घातक मोड पर कैट आई जैसी चिन्ह लगाएं जाएं। लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करें।

## 'जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य को 2047 से पहले करेंगे पूरा: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य को 2047 से पहले पूरा करेगा। इसके लिए हरियाणा में रैनीवेल, जल जीवन मिशन, अमृत योजना के अलावा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य मंत्री ने हरियाणा को जल सुरक्षित राज्य बनाने हेतु विभिन्न परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की। गंगवा ह्यजल सुरक्षित राष्ट्रह्व विषय पर उदयपुर (राजस्थान) में आयोजित कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कॉन्फ्रेंस में सिंचाई, महिला एवं बाल विकास





मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी मौजूद रही। गंगवा ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र के लिए अनेक सुझाव और योजनाओं की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जल संरक्षण के मामलों में विकसित भारत की यात्रा में अहम भूमिका अदा करेगा।

रणबीर गंगवा ने प्रदेश में जल संसाधनों के समुचित इस्तेमाल और योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में नहर आधारित योजनाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में जल घरों में पानी की कमी है उनको नहरों के ऊपरी छोर पर स्थानांतरित करना प्रक्रिया में है। यह बहुत बड़ा कार्य है, जिसके लिए भारी निवेश की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि हम इन परियोजनाओं के लिए नाबार्ड की क्षमता का उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से हरियाणा को जल सुरक्षित राज्य बनाने के लिए विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की।

रैनीवेल परियोजना से 216 गांवों को जोड़ा

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी से रैनीवैल परियोजना के माध्यम से 216 गांवों को स्थायी आधार पर पीने का पानी उपलब्ध कराया है। नवीन और सतत स्त्रोत वाली यह परियोजना गेम चेंजर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मेवात क्षेत्र के गांवों को रैनी वेल योजनाओं के दायरे में लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की योजना पर बढ़ रहे आगे गंगवा ने कहा कि भूजल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए हरियाणा सरकार सकारात्मक कदम उठाते हुए आगे बढ़ रही है।

**मांग**

**▶▶ जल सुरक्षित राज्य बनाने को हरियाणा के लिए विशेष पैकेज की मांग की**

# भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जबरदस्त ड्रामेबाजी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में बुधवार को पार्षद पदों के लिए नॉमिनेशन वापस लेने के आखिरी दिन पंचायत भवन में दोनों पार्टियों के लोग आमने-सामने हो गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने वार्ड-12 से पार्षद के लिए नॉमिनेशन भरने वाले जसपाल गोल्डी को किडनैप करके उन पर अपना नामांकन वापस लेने का दबाव डाला। शुरू में गोल्डी भी अपना नॉमिनेशन वापस लेने के इच्छुक दिख रहे थे, लेकिन बाकी कांग्रेसी नेताओं के पंचायत भवन पहुंचते ही वह अपना नॉमिनेशन वापस लेने से मुकर गए। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर कहासुनी हुई। भाजपा कार्यकताओं ने जसपाल गोल्डी की कार को भी रोक लिया। हंगामे की सूचना के बाद डीएसपी की अगुवाई में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दे दी। अब पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी। दूसरी ओर भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया है पंचायत भवन में बुधवार को पार्षद पदों के लिए नॉमिनेशन वापस लेने का आखिरी दिन था। करनाल नगर निगम के वार्ड-12 से पार्षद पद के लिए नॉमिनेशन करने वाले जसपाल गोल्डी अपनी कार में पंचायत भवन पहुंचे थे। भाजपा नेताओं का दावा था कि जसपाल गोल्डी उनके प्रत्याशी के पक्ष में अपना नामांकन वापस लेने आए हैं। उधर जैसे ही इस घटनाक्रम की सूचना कांग्रेस नेताओं को मिली, दिव्यांशु बुद्धिराजा की अगुवाई में पार्टी वर्कर पंचायत भवन पहुंच गए। बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि भाजपा इस बात की पूरी कोशिश कर रही हे कि कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव ही न लड़ पाएं। भाजपा के लोग उनके प्रत्याशियों पर अलग-अलग तरह का दबाव बना रहे हैं। बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने जसपाल गोल्डी को अगवा करके उन पर नामांकन वापस लेने का दबाव डाला। उन्होंने दावा किया कि जसपाल गोल्डी को अगवा करने वाले भाजपा कार्यकर्ता हथियारों से लैस थे और उन्होंने गोल्डी पर हमला भी किया। उधर दिव्यांशु बुद्धिराजा की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं और वर्करों के पंचायत भवन पहुंचते ही जसपाल गोल्डी ने अपना नॉमिनेशन वापस लेने से

**ड्रामेबाजी**

**नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जबरदस्त ड्रामेबाजी देखने को मिल रही**

इनकार कर दिया। इसके बाद दिव्यांशु बुद्धिराजा ने गोल्डी को उनकी कार में बैठा दिया। यह देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जसपाल गोल्डी की कार को घेर कर रोक लिया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस सुरक्षा में जसपाल गोल्डी की गाड़ी को पंचायत भवन से निकाला गया। जसपाल गोल्डी ने बताया कि वह सिर्फ भाईचारे में बातचीत करने पंचायत भवन पहुंचा था, लेकिन वहां भाजपा वर्करों ने मेरी गाड़ी को घेर लिया। भाजपा विधायक जगमोहन आनंद की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं ने कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा पर गन रखने के आरोप लगाए। इस पर दिव्यांशु ने कहा कि मेरे पास कोई लाइसेंसी पिस्तौल नहीं है।

## निगम 21 को आयोजित करवा रहा वाल पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चलते नगर निगम करनाल शहर में वाल पेंटिंग व चित्रकला पर आधारित प्रतियोगिता करवाने जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगामी 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित होगी। इसके लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की दीवार को चिन्हित किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में किसी भी संस्थान या प्रबंधन की टीमें भाग ले सकती हैं। इसके लिए सम्बंधित टीम को 20 फरवरी 2025 को सांय 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय के द्वितीय तल पर कमरा नम्बर 310 में आवेदन करना होगा। प्रतियोगिता का समय प्रातः 9 से सांय 4 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी टीमों को चित्रकला के लिए दो-दो ब्लॉक आबंटित किए जाएंगे।

## राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**प्रोत्साहित**

**इस प्रकार की भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/नारायणगढ़:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में 38 वी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी द्वारा किया गया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व विधायक व प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग भारतीय जानता पार्टी,हरियाणा डॉ पवन सैनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या खुशीर्ला ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती का आशीर्वाद लिया गया। प्राचार्या ने मुख्यातिथि का महाविद्यालय पहुँचने पर आभार प्रकट करते हुए उनके जीवन की उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया और विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
मुख्य अतिथि डॉ पवन सैनी ने खिलाडि?ों का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक शब्द कहे और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन में रहने का संदेश दिया।
उन्होंने कहा कि खेल कूद हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं और सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। राजकीय महाविद्यालय पंचकुला से प्रोफेसर प्रताप सिंह के सहयोग से कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन करवाया जा रहा है । यह 38 वी खेलकूद प्रतियोगिता प्रो संजीव कुमार अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। मुख्यातिथि ने 38वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।
महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## शहरों की जनता डबल इंजन सरकार के कामों से प्रसन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित सभाओं में कहा कि निकाय चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिख रहा है। सोनीपत में खास तौर पर युवाओं और महिलाओं का उत्साह बता रहा है कि शहरों की जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार के कामों से प्रसन्न है।
उन्होंने कहा कि सोनीपत नगर निगम सोनीपत मेयर उप चुनाव सहित प्रदेश भर में भाजपा अपने काम के दम पर निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। राजीव जैन ने बुधवार को शिव मंदिर चौक रेवली, सिक्का कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, ब्राह्मण चौक राठधना, सेक्टर-15, शिव कॉलोनी गली नंबर-7 देवडू रोड सहित विभिन्न जगहों पर सभाओं को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इन सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और चुनाव में जीत के लिए अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर राजीव जैन ने कहा कि वे अपने कार्यों से जन भावनाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे ।
भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा देश व प्रदेश की जनता ने उन्हें बार-बार खारिज किया है। इस निकाय चुनाव में भी प्रदेश की जनता कांग्रेस को एक बार फिर से सबक सिखाएगी। उनके पास बताने के लिए कुछ उपलब्धि नहीं है। राजीव जैन ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के भीतर एक दूसरे को पटखनी देने के लिए होड़ मची है।



**प्रचार**

**प्रदेश भर में भाजपा अपने काम के दम पर निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी: राजीव जैन**

## यमुना से अवैध खनन पर कार्रवाई, छापा मारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के मुंडोगढ़ी गांव में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। खनन और इन्फोर्समेंट विभाग की संयुक्त टीम ने बीती देर शाम दबिश देकर 8 वाहनों को जब्त किया है, जो अवैध खनन में लिप्त थे। पकड़े गए वाहनों के मालिकों पर करीब 17 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। यदि एक महीने के भीतर यह रकम जमा नहीं की जाती है तो खनन एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार मुंडोगढ़ी यमुना नदी तलहटी में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थी। इसे लेकर विभाग सतर्क था और कई बार टीमें भेजकर मामले की जांच की गई थी। आखिरकार बीती शाम एक विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई, जिसमें 6 खाली ट्राली, एक ट्रैक्टर ट्राली और एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। अवैध खनन की शिकायतें बढने पर खनन विभाग और इन्फोर्समेंट टीम ने संयुक्त रूप से योजना बनाई और बीती शाम छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद खनन माफिया भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने तुरंत वाहनों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहनों के मालिकों को 17 लाख रुपए का जुमार्ना भरने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघी : सीएम नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की जन हितैषी नीतियों पर विश्वास जताते हुए सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस को अलविदा कहते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। करनाल भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा में शामिल हुए सभी कांग्रेसी नेताओं को भाजपा का पटका पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए करनाल को कांग्रेस से मुक्ति दिलाई।
इस अवसर पर करनाल जिला अध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक भंडारी और जिला महामंत्री सुनील गोयल मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज कांग्रेस के कई पूर्व पार्षद एवं पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए हैं और इन सभी का मैं स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि करनाल पहले भी सीएम सिटी था और आज भी सीएम सिटी है। मुझे करनाल के लोगों का भारी आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि करनाल के विकास में पहले की तरह कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज करनाल में कांग्रेस के कई स्तम्भ व प्रबुद्ध लोग जो कि 40 से 50 वर्षों से कांग्रेस में थे, नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार वाद में उलझी हुई है और कांग्रेसी नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने पर लगे हुए हैं, मगर वह कभी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते।
उन्होंने कहा कि आज करनाल कांग्रेस मुक्त हो गया है, जिसका असर पूरे प्रदेश में होगा और अब पूरा हरियाणा करनाल की तरह कांग्रेस से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने को जा रहा है। देश में थ्री टायर की सरकार बन चुकी है और अब करनाल की बारी है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि 12 तारीख को करनाल की मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतेंगी। उन्होंने सभी उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि करनाल के विकास के लिए घर घर जाकर एक एक वोट भाजपा को दिलाने का काम करें, ताकि करनाल में विकास की गति को तेजी मिल सके।



**साधा निशाना**

**देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने को जा रहा: सीएम सैनी**

**ये हुए भाजपा में शामिल**
भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सरदार तिरलोचन सिंह, अशोक खुराना पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस, सुनील बिंदल आम आदमी पार्टी नेता, संजय चंदेल जिला प्रधान ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस, सतीश कुमार पूर्व पार्षद, सुनील राणा पूर्व पार्षद, यशपाल मित्तल पूर्व पार्षद,अमन दीप चावला पूर्व नगर परिषद चेयरमैन,कनक रानी पूर्व पार्षद, हरद्वारी लाल पूर्व पार्षद, रविन्द्र काम्बोज पूर्व पार्षद के अतिरिक्त कांग्रेसी नेता नीटू मान, प्रवेश गाबा, राजिंदर मित्तल, उमेश चौधरी, दीपक अत्री, शिव शर्मा, मास्टर शमशेर, टोनी कक्कड़, मुकेश शर्मा मिक्का, कुलविंदर मोहन बाट शिक्षाविद, रानी काम्बोज, सुदेश तंवर, संतोष तेजान व नीलम मल्होत्रा के अतिरिक्त सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## भाजपा पूरे मजबूती से लड़ेगी निकाय चुनाव: दुष्यंत भट्ट




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
भाजपा जिला कार्यालय में आज कल नगर निगम के चुनाव को लेकर गहमा गहमी का दौर चल रहा है पार्टी के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के वार्डो में भाजपा को जीत दिलाने के लिए अनेक सुझाव दे रहे है ताकि ताजा सुझावों के आधार पर ही पार्टी का इन चुनाव का संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा।
इसी कड़ी में बुधवार को वार्ड 17 की उम्मीदवार रजनी गर्ग और उनके पति सुरेन्द्र गर्ग ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला कार्यालय में आकर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का सम्मान और आभार व्यक्त किया और इसी प्रकार वार्ड 5 के उम्मीदवार जयदीप अरोड़ा ने भी भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और सभी पदाधिकारियों से जीत का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील परढाना, सुभाष शर्मा, योगेश भादड, सेठपाल नोहरा, नवीन सक्सेना, प्रमोद कुरड़िया, सुधीर बडौली, सिद्धार्थ खन्ना, रतिक सक्सेना,ओम दत्त आर्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि इन दिनों पूरे प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की सरगर्मियां जोरो पर है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में एम.पी और एम.एल. ए चुनाव की तर्ज पर लड़ेगी। नगर निगम नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव। उन्होंने कहा कि पानीपत नगर निगम के सभी 26 वार्डो का चुनाव आगामी 9 मार्च को विधिवत सम्पन्न करवाया जाएगा। सभी वार्डो के उम्मीदवार अपने अपने क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क साध रहे है और भाजपा को विजयी बनाने की अपील भी कर रहे हैं।

**तैयारी**

**भाजपा को जीत दिलाने के लिए अनेक सुझाव दे रहे है ताकि इन चुनाव का संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा**

## एचडीएफसी बैंक सनौली खुर्द शाखा का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**बीडीपीओं** सनौली खुर्द शक्ति सिंह, जोनल हैड़ धीरज सैठी, कलस्टर हैड जितेन्द्र महल्ला, बांच मैनेजर अमित कुमार? ने ने एचडीएफसी बैंक सनौली खुर्द शाखा का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें बैंक की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान बीडीपीओं शक्ति सिंह ने कहा कि इससे क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी और लोगों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान बीडीपीओं शक्ति सिंह को जोनल हैड़ धीरज सैठी व शाखा अधिकरियों ने स्मृति चिन्ह दे कर सममानित किया गया।
इस दौरान जोनल हैड़ धीरज सैठी ने कहा कि एचडीएफसी बैंक ने समाज में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा व विश्वस्तरीय बैंकिंग सुविधाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सरल रूप में पहुंचाया है। बैंक कर्मचारियों के समर्पण से ही बैंक विकास कर रहा है। जो कर्मचारियों की उपलब्धियों को प्रमाणित करता हैं । सरकार की कई योजनाएं बैंक के सहयोग से चलाई जा रही है।

## विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आई. बी. कॉलेज,** पानीपत के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा एम.कॉम प्रीवियस एवं एम.कॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय" स्टॉक मार्केट " रहा । इस कार्यशाला में लगभग 60 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य वक्ता मिस्टर सागर पांचाल को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि शेयर बाजार का मकसद कंपनियों और निवेशकों के बीच पूंजी का आदान-प्रदान करना है। यह बाजार स्टॉक, बॉन्ड, और दूसरे सिक्योरिटीज की खरीद-फरोख़्त को आसान बनाता है जिससे व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश के अवसर पैदा करने में मदद मिलती है।निवेशकों को दुनिया की बड़ी कंपनियों में निवेश करने का मौका मिलता है तथा निवेशकों को अपने स्टॉक, लाभ, और बाजार पैटर्न को ट्रैक करने में मदद मिलती है । उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को शेयरों में निवेश के बारे में बताने की शुरूआत बुनियादी जानकारी से करनी चाहिए। उन्हें आसान शब्दों में और मिसाल देकर समझाना चाहिए और साथ ही यह भी बताना चाहिए कि लोग क्यों और कैसे निवेश करते हैं। निवेश के ज्ञान से विद्यार्थी यह समझ पायेंगे कि कैसे थोड़े पैसों से ज्यादा पैसा बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के कौशल को विकसित करने कि लिए हमारा महाविद्यालय समय समय पर ऐसी कार्यशाला का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने कहा कि हर बिजनेस को पैसे की आवश्यकता होती है। कभी-कभी, कार्यशील पूंजी की लागत को कवर करने के लिए उत्पादों या सेवाओं की बिक्री से आय अपर्याप्त होती है।



## संस्कारवान बच्चे ही सुदृढ़ समाज का कर सकते हैं निर्माण: ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्वामी श्रद्धानंद अनाथालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन एवं पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस ललित बत्रा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी पूनम बत्रा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में आयोजक समिति द्वारा ओम पट्टिका पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत व देशभक्ति गीतों के माध्यम से मुख्यातिथि का स्वागत किया। आयोग के चेयरमैन ललित बत्रा ने भी बच्चों द्वारा किए गए अभिवादन को सहर्ष स्वीकार करते हुए बच्चों से बातचीत की और कहा कि संस्कारवान बच्चें ही सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकते है। संस्कार देने में शिक्षण संस्थान का अहम योगदान होता है। श्रद्धानंद संस्था इस कार्य को भली भांति कर रही है। यहां बच्चों को वैदिक शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन मे आगे बढने के प्रति प्रेरित किया।



## देवतुल्य मतदाताओं के लिए दिन रात करुँगी कार्य - कुसुम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** नगर निगम के चुनाव 9 मार्च को करवाए जाएंगे। इन चुनावों को लेकर शहर के सभी 26 वार्डो के भाजपा के घोषित उम्मीदवारों ने प्रचार प्रसार का काम तेज कर दिया है। इसी कड़ी में वार्ड 26 की भाजपा उम्मीदवार कुसुम भट्ट ने अपने वार्ड के सेक्टर 6 से प्रचार का कार्य आरंभ किया। उन्होंने घर घर जा कर लोगों से भाजपा का कमल खिलाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उनके साथ वार्ड 26 की प्रभारी सुनीता गोयल, अनीता चावला, सरोज, ज्योति, कमला, सुरेखा, बबीता मुख्य रूप से मौजूद रही। भाजपा उम्मीदवार कुसुम भट्ट ने बुधवार को वार्ड के हुडा सेक्टर 6, सिद्धार्थ नगर गली नंबर 6 और सिद्धार्थ नगर की भाजपा नेता लीला सिंह वाली गली में प्रचार कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के लिए डाइट क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स विभाग गीता यूनिवर्सिटी द्वारा संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डाइट क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। डाइट क्लिनिक का शुभारंभ जीयू के प्रो चांसलर अंकुश बंसल ने रिबन काट किया। उन्होंने कहा की डाइट क्लिनिक का उद्देश्य छात्रों व स्टाफ सदस्यों को संतुलित व पोषण आहार के प्रति जागरूक करना है। इससे छात्रों और स्टाफ को संतुलित आहार कार्यक्षमता को विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन विभाग की अध्यक्षा डा रीनू राणा ने की। आहार विशेषज्ञ परी खुराना ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन शैली और सही पोषण की आवश्यकता है। उचित खानपान हमारी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। हमें समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। जांच के बाद विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। नियमित खान-पान और नियमित व्यायाम भी मानसिक तनाव को कम करता है। इस दौरान स्टाफ सदस्यों व छात्रों का बीएमआई कर उन्हें डाइट चार्ट दिया गया।
इस दौरान उन्होंने छात्रों को फास्ट फूड और जंक फूड से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।



## संपादकीय

# रोजगारपरक शिक्षा से रुकेगा युवाओं का पलायन

**भारत को** युवाओं का देश कहा जाता है, क्योंकि यहां की आधी आबादी 18 से 35 वर्ष की युवा पीढ़ी वाली है, जो कर्मशील है। लेकिन विडंबना यह है कि इस पीढ़ी को रोजगार की सही गारंटी देने की बजाय, उन्हें केवल बेरोजगारी से जूझने की गारंटी दी जाती है। देश में शॉर्टकट संस्कृति और अनुकंपाओं का बोलबाला है। एक ओर विकास दर के बढ़ने के आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं और कहा जाता है कि हम सबसे तेज आर्थिक विकास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों के पास पर्याप्त रोजगार नहीं है। उनकी उम्मीदें टूट रही हैं।

शिक्षा की डिग्रियां अब कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया से असंबद्ध होती जा रही हैं। आज का युवा खुद को देश की मुख्यधारा से अलग महसूस करता है। हम एक समानतावादी समाज बनाने का संकल्प लेकर चले थे, लेकिन असमानताएं बढ़ती चली गईं। देश की 90 प्रतिशत संपत्ति मुट्ठीभर लोगों के हाथों में सिमट गई है। यह स्थिति पहले भी सच थी और आज भी वही सच है। शायद जब हम आजादी के शतकीय महोत्सव पर खुद को एक विकसित राष्ट्र कहेंगे, तब भी यही सच रहेगा। एक ऐसा राष्ट्र, जहां 80 करोड़ से अधिक लोग रियायती अनाज पर निर्भर हैं। ऐसे में सपनों और उम्मीदों से भरा नौजवान अपने देश में अपने भविष्य को खो चुका महसूस करता है। उसे विदेश जाने के सपने ललचाने लगते हैं और वह किसी भी तरीके से, वैध या अवैध, विदेश जाने को तैयार हो जाता है। अमेरिका उनका सबसे आकर्षक गंतव्य बन जाता है। वहां की आय भारतीय मुद्रा में लाखों रुपये बन जाती है, जिससे वह कम से कम वेतन पाकर भी समृद्ध जीवन जीने की उम्मीद करता है। ऐसे में, गांवों में खाली पड़े घर और बुजुर्गों के लिए बनी हवेलियां बस अकेलेपन और असमर्थता का प्रतीक बन जाती हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अवैध प्रवासी भारतीयों और अन्य देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकालने का अभियान शुरू किया, जिसके तहत बिना वैध कागजात वाले भारतीय नागरिकों को अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ा। ट्रम्प का नारा अमेरिका अमेरिकियों के लिए अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के लिए मुश्किलें बढ़ा रहा है। इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दिखाए गए झूठे सपने अब टूट रहे हैं, क्योंकि इन एजेंटों ने फर्जी अकादमियों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने का झांसा दिया था। यह पीढ़ी अपने सपनों से निर्वासित होकर एक भटकाव की स्थिति में है। इन युवाओं के भविष्य का निर्धारण केवल भारत में होना चाहिए, जहां उन्हें सही दिशा और अवसर मिले। पंजाब में अवैध इमिग्रेशन एजेंटों की संख्या भयावह है। यहां पंजीकृत एजेंटों की संख्या महज 212 है, जबकि अधिकांश एजेंट अवैध रूप से काम कर रहे हैं। इसके बावजूद, ट्रैवल एजेंट नए तरीके से युवाओं को विदेश भेजने का झांसा देते हैं, जो उन्हें अवैध रास्तों से, जैसे जंगलों में भटकने, पैदल चलने और लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद सही मंजिल तक नहीं पहुंचने देते।

अब अमेरिकी सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान शुरू किया है, जिसके तहत जो लोग बिना कागजात के अमेरिका में प्रवेश करेंगे, उन्हें निकाल बाहर किया जाएगा।

# कितनी जायज है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी?

-प्रियंका सौरभ

> क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि मजाक के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातों-रात नहीं बिखर जाता - इसकी शुरूआत असहनीय को सहन करने, घृणित को ह्लसिर्फ हास्यह्व के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है। कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है

**कानूनी** कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है; इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित मजाक को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल वास्तविक अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है - खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है?आलोचना का मतलब घटिया मानसिकता रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। कुछ लोग मर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेंट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफी मांग लेना काफी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? ऐसे लगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन साथ ही में जनता उनके सभी चैनलों का बहिष्कार करेगी तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। इन लोगों को सजा मिलनी आवश्यक है तभी बाकी इस प्रकार के मानसिक दिवालिया वाले लोग सुधार पाएंगे। ऐसे सारे कार्यक्रम, ओटीटी, टीवी,



आदि पर भी हैं। सब बंद होना चाहिए। ऐसा बलगर कंटेंट्स हमारे देश की संस्कृति को खत्म कर देगी।.यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग हमारा सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे है। इनको सजा होनी चाहिए ताकि आने वाले समय ऐसी नीच हरकत और सोच रखने वाले ऐसी हरकत करने से पहले 10 बार सोचना पड़े। इस सब प्रकार की घिनौनी मानसिकता को देखना और सुनना आज के समाज का भी कसूर है। इन जैसे लोगों का समाज से बहिष्कार करना चाहिए। गंदी भाषा वाले बहुत सारे नाटक और फि ल्में दिखाई जाती हैं। उन्हें भी बंद कर देना चाहिए। ओटीटी पर तो बहुत ज्यादा अश्लीलता परोसी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की इंडियाज गॉट लैटेंट पर आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की। सर्वोच्च न्यायालय ने अल्लाहबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे "उनके दिमाग की गंदगी" कहा। अल्लाहबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, अल्लाहबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से "पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा"। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निमार्ताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं हो जाएगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि मजाक के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातों-रात नहीं बिखर जाता - इसकी शुरूआत असहनीय को सहन करने, घृणित को ह्लसिर्फ हास्यह्व के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है। कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित मजाक को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल वास्तविक अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप यह सिर्फ.एक मजाक है के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति कितने सुन्न हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना बहुत जरूरी है। आपका यह तर्क कि हमें मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है। मजाक कहलाने वाली हर बात हानि रहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब घटिया मानसिकता रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानि नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है- उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता नहीं स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है। अतः स्वतंत्रता एक कानूनी प्रक्रिया है, इसके विपरीत स्वच्छंदता गैरकानूनी है। अतः अभिव्यक्ति की कानूनी स्वतंत्रता के तहत अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता की अनुमति गैरकानूनी है। प्रश्रय, सोशल मीडिया की गुणवत्ता की जगह मात्रा को अहमियत देने की व्यवस्था ने दिया है।

## कविता

**आओ उजालों से कुछ सीख लेते है'**

आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,
ताजी हवाओ से उमंगें भर लेते हैं।

जमाने की बुराई रखे एक तरफ,
फूलों से दो पल,मुस्कान भर लेते है।

पतझड़ में पत्तो को समेट देते किनारे,
सावन की फुहारो से मन भर लेते है

कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,
भांवरों संग मन मे प्रेम गीत भर लेते हैं।

क्या विलाप करे जिंदगी का भी,
नन्हो संग उन्मुक्त मौसम भर लेते है।

सुरज सुबह उगता शाम अस्त होता है,
उजालों से कुछ मौज भर लेते है।

जीवन रहेगा ,कभी डाल कभी पात,
आओ जिंदगी के सब दुख हर लेते हैं।

संसार में निराशा की गुंजाइश नहीं,
सूरज के संग जिंदगी रौशन कर लेते है।

संजीव
---------

## डैंड्रफ के घरेलू उपाय ---शहनाज हुसैन

**सिर में** डैंड्रफ होना आम बात है/ मौसम कोई भी हो बालों में रूसी की समस्या बहुत परेशान कर देती है/

रूसी मुख्यत पित्त और कफ दोष के असंतुलित हो जाने के कारण होती है / हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात दोष के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गन्दा कर देते हैं। सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है। जिसे रूसी कहते हैं।

डैंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करता है। स्कैल्प में होने वाला डैंड्रफ फंगस के कारण होता है जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है/ डैंड्रफ के फ्लेक्स छोटे.बड़े हर आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से नहीं निकलते/

डैंड्रफ केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने से, गलत जीवन शैली , बालों में गंदगी , बालों की सही देखरेख न करने पर और गर्म पानी से सिर धोने पर भी हो सकता है/ । डैंड्रफ कई कारणों से हो सकता है जिसमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा , फंगल संक्रमण ,विटामिन बी की कमी ,मानसिक तनाव और कुछ चिकित्सीय स्थितियां भी शामिल हैं।

अगर आप रूसी की समस्या से परेशान हैं तो दवाइयों की बजाय घरेलू उपाय अपनाना चाहिए/ ऐसे में अगर आप कुछ बातों का ख्याल रखते हैं तो रूसी की समस्या छूमंतर हो जाएगी/

**नारियल का तेल.-------** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है जोकि स्कैल्प को मॉइस्चराइज करता है जिससे डैंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है । हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें।

नारियल तेल और नींबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं । इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें/ इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैम्पू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसका हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकते हैं /

नारियल तेल में कपूर का टुकड़ा डालकर छोड़ देना चाहिए/ इसके बाद इस तेल को सिर पर अच्छी तरह से मालिश करना चाहिए/ इससे डैंड्रफ की समस्या में राहत मिलती है/

कांच के बर्तन में चार चमच्च नारियल तेल और छह चमच्च रोज मेरी तेल मिलाकर अपने स्कैल्प पर लगाएं और हलके हलके हाथों से स्कैल्प की मालिश करें / इसे एक घण्टे बाद माइल्ड शैम्पू से धो डालें / इससे स्कैल्प पर

रक्त संचार बेहतर होगा और बाल मजबूत होंगे। यह स्कैल्प को क्लीन / पौषण प्रदान करके डैंड्रफ को दूर करने में मदद करता है।

## विचार

# बच्चों के मन-मस्तिष्क को प्रभावित करती तकनीक

**सुनील कुमार महला**

**बच्चों का मन** बहुत ही कोमल होता है। इतना कोमल कि बच्चे के मन को हम अच्छी शिक्षा देकर किसी भी आकार में ढ़ाल सकते हैं। महान मनोविज्ञानी वाटसन ने कहा है कि 'मुझे एक नवजात शिशु दे दो। मैं उसे डॉक्टर, वकील, चोर या जो चाहूँ बना सकता हूँ।' हम सभी ने कभी न कभी अपने जीवन में किसी कुम्हार को चाक पर काम करते देखा है। वह मिट्टी के एक बेकार से दिखने वाले टुकड़े को एक खूबसूरत मिट्टी के बर्तन में बदल देता है। वह अपनी कला से मिट्टी को मनचाहा आकार दे देता है। बच्चों के साथ भी कुछ ऐसा ही है। यदि हम उनको अच्छी शिक्षा,अच्छे संस्कार, नैतिकता की शिक्षा दें तो उसे हम देश व समाज का एक अच्छा नागरिक, सुसंस्कृत व्यक्ति बना सकते हैं। आज हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति व सूचना क्रांति के प्रभाव में आकर एंड्रॉयड स्मार्टफोन का धड़ल्ले से प्रयोग कर रही है। सूचना क्रांति का प्रयोग करना गलत नहीं है लेकिन आज तकनीक हमारी युवा पीढ़ी पर हावी होती चली जा रही है। स्मार्टफोन के अधिक व अंधाधुंध प्रयोग से बच्चों के कोमन मन-मस्तिष्क पर आज गहरा प्रभाव पड़ रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि तकनीक का यह प्रभाव हमारे देश की युवा पीढ़ी की मानसिक एकाग्रता व सेहत के लिये बहुत ही घातक सिद्ध हो रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि आज तकनीक का विशेषकर टीनएज बच्चों के मस्तिष्क पर गहरा असर देखा जा सकता है। सच तो यह है कि बच्चों द्वारा अधिक मोबाइल स्क्रीन का प्रयोग उनके मानसिक स्वास्थ्य, बौद्धिक विकास, शारीरिक समन्वय और यहां तक ??कि नींद और खाने की आदतों, उनके अध्ययन को प्रभावित कर रहा है। अत्यधिक ऑनलाइन एक्टिविटी के अनेक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परिणाम हैं, जिनको लेकर आज हमारे समाज को चेतने की जरूरत है। वास्तविक दुनिया से दूर आज हमारे बच्चे वर्चुअल दुनिया या यूं कहें कि आभासी दुनिया में जी रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि वर्चुअल दुनिया की तुलना में वास्तविक दुनिया को प्राथमिकता दी जाए ताकि हमारे बच्चों का मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक या यूं कहें कि सर्वांगीण विकास हो सके।आज हमारी युवा पीढ़ी पर कृत्रिमता बुरी तरह से हावी प्रतीत होती है। हमारी युवा पीढ़ी जीवन की वास्तविकताओं से परे एआई चैटबॉट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, ट्विटर की दुनिया में अधिक जी रहे हैं।सच तो यह है कि आज हमारी युवा पीढ़ी का बहुत अधिक समय एंड्रॉयड, लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल पर व्यतीत हो रहा है।आज हमारे बच्चों को अकेले रहने की आदत पड़ चुकी है। इंटरनेट आज की जरूरत है लेकिन इसकी अंधी दौड़ ने हमारे बच्चों की दिनचर्या को काफी हद तक प्रभावित किया है और स्वास्थ्य को भी। सच तो यह है कि तकनीक के जरिये विकास की अंधी दौड़ में हमारी युवा पीढ़ी बहुत कुछ खो भी रही है। हमारी युवा पीढ़ी मशीनी हो गई है। कोरोना काल क्या आया ? इसने हमें एक तरह से पंगु बना दिया। गौरतलब है कि कोरोना काल से आभासी पढ़ाई, मीटिंग, वर्क फ्रॉम होम आदि का दौर शुरू हो गया। देश में जगह जगह आभासी स्कूल और कालेज खुलने लगे।आज विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया पर हजारों मित्र होते हैं, लेकिन जब वास्तविक जीवन में हमें और हमारी युवा पीढ़ी को मित्रों की आवश्यकता होती है, तो आज कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं होता है। सच तो यह है कि आज आभासी दुनिया( वर्चुअल दुनिया) की बढ़ती दखलंदाजी की वजह से हमारे अनेक सामाजिक संबंध लगातार पीछे छूटते चले जा रहे हैं।

हम और हमारी युवा पीढ़ी आज आभासी दुनिया में ही रिश्ते-नाते स्थापित करने लगी है।यह ठीक है तकनीक ने मनुष्य को अनेक प्रकार की सहूलियतें प्रदान की हैं,तकनीक हम इंसानों की मदद और सहायता के लिए है, लेकिन आज इंसान तकनीक का लगातार गुलाम होता जा रहा है, इसे किसी भी हालत और परिस्थितियों में ठीक नहीं ठहराया जा सकता है।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महाकुंभ : आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

**निर्मल रानी**

**भारतवर्ष में** आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ ' है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था। इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है।

# बहुतों की हवेली, कुछ की तकदीर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**यह एक सुंदर** शाम थी, उस छोटे से मोहल्ले में, जहां तर्क और बेतुकापन साथ रहते थे, पर हमेशा असहज। मोहल्ले में एक घर था—सादा, साफ-सुथरा, और उसमें सिर्फ पाँच लोग रहते थे। इन पाँचों के पास एक अद्भुत समानता थीः हर एक की जेब में एक-एक चमचमाता 100 रुपये का नोट था। कुल मिलाकर उनके पास 500 रुपये थे। वाह! क्या गर्व था, क्या एकता! एक ऐसी समृद्धि का उदाहरण जिसे देखकर पूरा मोहल्ला ईर्ष्या करता था। लेकिन मोहल्ले के कोने में एक हवेली थी। वो भी बड़ी अजीब जगह थी। वहाँ 500 लोग रहते थे। एक ऐसी हवेली जो संयुक्त राष्ट्र की बैठक और रॉक कॉन्सर्ट को एक साथ आयोजित कर सकती थी। पर विडंबना देखिए, उनकी कुल संपत्ति भी वही 500 रुपये थी। पर यहाँ मामला अलग थाः हर व्यक्ति के पास बस एक अकेला, उदास 1 रुपये का सिक्का था। गणित, जो अपनी निष्पक्षता पर गर्व करता है, ने इन्हें बराबर घोषित कर दिया। पाँच लोगों के पास 100-100 रुपये और 500 लोगों के पास 1-1 रुपये— पाँच सौ तो पाँच सौ होता है,ह्व गणित ने अपनी अकड़ दिखाते हुए कहा। और इस बात पर हवेली के लोग भी खुशी से झूम उठे। वे नारे लगाने लगे, संपत्ति में समानता! और हम सब 500 हैं!

पर, पाठकगण, व्यंग्य वहीं जन्म लेता है जहां तर्क छुट्टी पर चला जाता है। जबकि पाँच लोगों का घर अपनी 100-100 की नोटों से रोटी, दूध और कभी-कभी चॉकलेट खरीद कर संतुष्ट था, हवेली के 500 लोग एक केले के लिए संघर्ष कर रहे थे। हां, सिर्फ एक केले के लिए। वह नजारा देखने लायक थाः 500 सिक्कों की खनक से कान फटते थे। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असलियत तो और कड़वी थी।

हवेली के 500 निवासियों में से 495 के पास 1 रुपये भी नहीं थे। उनके पास सिर्फ 10-10 पैसे के सिक्के थे। उनका कुल धन मात्र 49 रुपये और 50 पैसे था। इतना भी नहीं कि सड़े हुए केले का टुकड़ा खरीद पाएं। लेकिन रुकिए! हवेली में पाँच लोग ऐसे भी थे जो इस तंगी से अछूते थे।

## न्यूज फ्लैश

### बसपा सुप्रीमो के अपमान को सहन नहीं करेगी पार्टी: फूल कुमार



पानीपत, ,( कमाल हुसैन ) बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायवती के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर उदित राज के खिलाफ कार्रवाही की मांग को लेकर आज बसपा जिला अध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार के नेतृत्व में एक दल ने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। वहीं एसपी सिंह ने उन्हें भरोसा दिलाया की उनकी मांग को लखनऊ के पुलिस प्रमुख तक पहुंचा दिया जाएगा। फूल कुमार नंबरदार ने कहा कि गत 17 फरवरी 2025 को उदित राज ने लखनऊ के अंदर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बसपा प्रमुख बहन कुमारी मायावती के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। यही नहीं गला घोटकर जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर फूल कुमार नंबरदार के साथ एडवोकेट रोहतास जिला महासचिव बसपा, राजपाल जिला संगठन सचिव, रमेश अंबेडकर जिला सचिव,सतबीर चंदौली, फोरम सिंह कर्दम, भैरव सिंह कर्दम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पुष्प प्रदर्शनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का भव्य समापन

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में पर्यावरण बचाओ



सोसाइटी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्याहरवें राज्य स्तरीय वसंतोत्सव 2025 पुष्प प्रदर्शनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। मुख्यातिथि कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल रहे और उन्होनें प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। वहीं विशिष्ट मेहमानों में रजनी गुप्ता, कपिल गुप्ता मेम्बर सोसाइटी, डॉ.गीता गुप्ता, डॉ.एसएन गुप्ता,कॉलेज के पूर्व प्रधान ने कार्यक्रम में शिरकत की। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा,डॉ.मोनिका खुराना और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.रवि कुमार ने किया। विजेताओं को सर्टिफिकेटस और नकद पुरस्कार से नवाजा गया। मालियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आईओसीएल एक बार फिर प्रदर्शनी का आकर्षण बना और उसने ओवरआल ट्राफी पर कब्जा किया।

### डीएलएसए द्वारा गांव सैंसा में नालसा स्कीम के बारे में दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में जागरूकता शिविर चलाए जा रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इन शिविरों के तहत पैनल अधिवक्ता कपिल खिल्लन, पीएलवी सुनील द्वारा गांव सैंसा में लोगों को बच्चों के लिए नालसा स्कीम, मानसिक रोगियों और दिव्यांग व्यक्ति के लिए नालसा स्कीम, विक्टिम केयर एंड स्पोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ उन्हें डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व नालसा टोलफ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई।

# अधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजगता से कार्य करना चाहिए: पंकज

## शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 96 समस्याएं, अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा निश्चित समय अवधि

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश को विकास के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान कर रहे है। प्रदेश के प्रति उनके समर्पण भाव ने लोगों में देश के प्रति राष्ट्रीयता की भावना में बढ़ोतरी की है। उनकी दूरगामी सोच से प्रदेश खुशहाली की तरफ निरंतर रूप से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बुधवार को जिला सचिवालय में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं का निदान अधिकारी समर्पण भाव से करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धा और समर्पण से किये गए कार्य से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। समाधान



शिविर एक प्रकार से साधना और संवाद का संदेश देते है। अधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजगता से कार्य करना चाहिए। नैतिकता को साथ लेकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हमें समस्या जीत की पद्धति पर आगे बढ़ कर जिले के लोगों के लिए पहचान कायम करनी है। यह तभी संभव हो पायेगा जब हम समन्वय स्थापित करके समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान करेंगे। प्रार्थी अकाश वासी काबड़ी ने प्रशासन से बिजली मीटर लगवाने की अर्जी दी। उन्होंने बताया कि बिजली कर्मचारी मीटर को ठीक करवाने के लिए लेकर गए थे लेकिन अभी तक उन्हें मीटर उपलब्ध नहीं हुआ है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली विभाग के एसई को जांच करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी ईश्वर वासी भालसी ने प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के

**शिविर का लाभ**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश को विकास के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान कर रहे है : अतिरिक्त उपायुक्त**

तहत मकान बनवाने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वे बीपीएल कार्ड धारक है। उनका कच्चा मकान है। स्थिति कमजोर होने के कारण वे मकान बनवाने में असमर्थ है। उन्होंने प्रशासन से सहयोग की अपील की। एक अन्य मामले में भी टेक राम वासी अदियाना ने प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने का अनुरोध किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला परिषद के सीईओ को जांच के निर्देश दिए।

# पानीपत पुलिस का नशा तस्करी पर लगातार कड़ा प्रहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर नाकाबंदी कर बाइक सवार एक नशा तस्कर को 318 ग्राम चरस नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अनिल उर्फ काला निवासी जागसी सोनीपत के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि मंगलवार को एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान थाना मतलौडा क्षेत्र के अंतर्गत पाथरी गांव में अड्डा पर मौजूद थी। पुलिस टीम को तभी गुप्त सूचना मिली कि जागसी गांव निवासी अनिल उर्फ काला अपाचे बाइक पर मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए अपने गांव से पाथरी की तरफ आएगा। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सफीदों गोहाना रोड पर पाथरी माता मंदिर के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू



कर दी। टीम को कुछ देर पश्चात गोहाना की और से एक युवक बाइक पर आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापिस घुमाने लगा। पुलिस टीम तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अनिल उर्फ काला पुत्र रणबीर निवासी जागसी सोनीपत के रूप में बताई। पुलिस टीम ने ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ध्रुव गोस्वामी की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से पोलोथीन के अंदर चरस नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

## गोदामों में रखा कच्चा माल और मशीनरी जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला के कोहंड-अलीपुर रोड पर देर शाम अचानक एक स्पिनिंग मिल में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते साथ लगते दो और गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मिल में रखी रुई और कच्चा माल जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाडि?ां मौके पर पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में मशीनरी भी जल गई है, हालांकि नुकसान का सही आकलन अभी नहीं हो सका है।

# मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को दिशा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों, संबंधित विभाग के एससीएस, मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की 68 से ज्यादा महत्वकांक्षी योजनाओं की वर्तमान स्थिति जानी व उनमें ओर तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि वे हर योजना के क्रियान्विन को लेकर गंभीर है। प्रधानमंत्री की विजन को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है।

उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि धरातल पर इन योजनाओं



पर गंभीरता से कार्य करना है। उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 47285 गरीब परिवारों को गैस कंनेक्शन उपलब्ध करवायें गए है। प्रत्येक कनेक्शन में एक गैस सिलेण्डर, रेगूलेटर व पाइप फ्री उपलब्ध करवाई गई है।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर धरातल पर मजबूती से कार्य किया जा रहा है। वे समय समय पर इन योजनाओं की स्थिति को जानने के लिए निरीक्षण भी कर रहे है। उन्होंने शिक्षा विभाग के एसडीओ व जेई को निर्देश दिए कि उनके द्वारा किये गए निर्माण कार्यो की जांच करेंगे व खामियां मिलने पर ठोस कार्यवाही भी करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश को निर्देश दिए कि वे एक कमेटी का गठन कर शिक्षा विभाग में कमरों का जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसकी निगरानी बरतें व उसकी रिपोर्ट तैयार

**महत्वकांक्षी**

**केंद्र व राज्य सरकार की 68 से ज्यादा महत्वकांक्षी योजनाओं की वर्तमान स्थिति जानी**

करें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॅन्फैंसिंग में राष्ट्रीय खाद्द्य सुरक्षा अधिनियम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सिचांई योजना, ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना, स्वस्थ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता के तहत संचालित की जा रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

## बेटी को बहन-जीजा ने किया अगवा, पैसों की डिमांड कर रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिल के गांव बिजना की एक महिला की गोद ली हुई बेटी को स्कूल बस से उतरते ही जबरन कार में डालकर अगवा कर लिया गया। शिकायत के बावजूद आज तक लडकी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी बहन सोनिया और जीजा राहुल ने पहले बेटी को गोद दे दिया और फिर पैसे मांगने लगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उन्होंने लडकी को अगवा करने की धमकी दी। अपहरण के बाद से सोनिया और राहुल फरार हैं, उनके फोन भी बंद हैं। गांव बिजना निवासी निशा देवी ने बताया कि उसकी बहन सोनिया की शादी सोनीपत के मलकपुर गांव में हुई थी। 2018 में उसने तीसरी बेटी को जन्म दिया, जिसे उसके ससुराल वालों ने अपनाने से मना कर दिया। सोनिया और उसके पति राहुल ने बच्ची को अनाथालय में छोडने की बात कही, लेकिन निशा ने उसे गोद ले लिया।

सोनिया और राहुल ने सहमति जताते हुए बच्ची को कानूनी तौर पर गोद लेने का वादा किया। निशा और उसके पति ने बच्ची को बेटी की तरह पाला और जरूरी दस्तावेज भी बनवाए, लेकिन कुछ साल बाद सोनिया और राहुल पैसे मांगने लगे।

# जिले के सभी टोलों पर उपलब्ध होगी मूलभूत सुविधाएं: विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले के सभी टोलों पर उपलब्ध होने वाली मूलभूत सुविधाओं की निगरानी बरतें। उपायुक्त ने सभी टोल संचालकों को सख्त हिदायत दी कि यदि उनके टोल प्लाजा पर जनता को मिलनी वाली मूलभूत सुविधाओं का अभाव दिखाई दिया तो उनके खिलाफ सख्ती से निपटा



जाएगा। जरूरत पड? पर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। उपायुक्त ने टोल संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि आम जन के लिए टोल पर दोनों तरफ शैड की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। हर टोल पर एक एंबुलैंस की तैनाती करें। टोल पर महिला व पुरूष वर्ग के लिए शौचालय की विशेष व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। सभी टोलों पर आरओ युक्त कुलर लगायें ताकि लोगों को शुद्ध पानी से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**सुविधा पर जोर**

**इसमें किसी भी तरह की अनियमिताएं मिलने पर उन पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है : उपायुक्त**

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जो शौचालय जनता के लिए बनायें गए है उन्हें साफ सुथरा रखें व उन पर किसी भी तरह के तालों का उपयोग न करें। इन सब सुविधाओं का जनता से सरोकार है। इसमें किसी भी तरह की अनियमिताएं मिलने पर उन पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि वे स्वयं भी टोलों पर जनता को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेंगे व अगर व्यवस्था में किसी भी तरह की खामियां मिलती है तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। उपायुक्त ने टोल के साइड के रास्तों की पैमाइश करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश, सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण सिंह, सीएमओ जंयत आहुजा मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में नगराधीश ने प्रार्थियों की समस्याओं को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में 3 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा एक शेष शिकायत को सम्बधिंत विभाग के अधिकारी को मार्क कर जल्द से जल्द निवारण करने निर्देश दिए।




नगराधीश ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें लोगों द्वारा दी गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर लगाने का उदेश्य हर प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना है।

## रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई विवाहिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर की एक कालोनी से संदिग्ध हालातों में एक विवाहिता लापता हो गई। महिला बिना बताए घर से निकली है। परिजनों ने आसपास के एरिया में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल की एक कालोनी के बाल किशन ने थाना सेक्टर 32-33 में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बहू 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई।

# अंजली व खुशी ने विवि में हासिल किया चौथा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**
बुधवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बीए जनसंचार के पांचवें समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें आर्य कॉलेज की छात्रा अंजली व खुशी संयुक्त रूप से पूरे कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया वहीं छात्रा सारा खान ने आठवां स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव सीए किशोर ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ये विद्यार्थी आगे आने वाले परीक्षा परिणामों में भी ऐसे ही कॉलेज का नाम रोशन करेंगे और इससे भी ज्यादा अंक ला कर अपने माता-पिता व अपने



प्राध्यापकों का मान बढाऐंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने टॉप टेन की सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया और विद्यार्थियों के उज्वल की कामना की। साथ ही प्राचार्य महोदय ने जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव शर्मा, प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू अठावले को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही डॉ.जगदीश गप्ता ने बताया कि बुधवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र ने बीए जनसंचार के पांचवें समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग की छात्रा अंजली व खुशी ने 500 में से 368 अंक लेकर संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय की टॉप टेन की सूची में चौथा स्थान, व छात्रा सारा खान ने 357 अंक लेकर आठवां स्थान हासिल किया। वहीं, छात्रा प्रेरणा ने 344 अंक लेकर मेरिट सूची में स्थान बनाया।

जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने बताया कि जनसंचार के विद्यार्थियों के थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि

विभाग द्वारा कॉलेज का न्यूज लैटर, प्रेरणा, कॉलेज का यू ट्यूब चैनल एसीपी नेटवर्क व रेडियो प्रेरणा चलाया जा रहा है।

# 'लड़की शिक्षित होकर देश की उन्नति में भागीदारी निभाती है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**राजकीय** महिला महाविद्यालय मतलौड़ा में एनएसएस वालंटियर की लड़कियों के लिए एक मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन करवाया गया। यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी द्वारा संबोधित किया गया। इस मौके पर सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामनिवास जंगल जीने अपने पूरी टीम के साथ राजीव परुथी का स्वागत किया। मौके पर मौजूद बच्चों ने जोश एवं जुनून के साथ राजीव परुथी का स्वागत किया इस मौके पर राजीव परुथी ने सभी लड़कियों को अपडेट रहने को कहा एवं जोश एवं जुनून के साथ



कार्य करने की सलाह दी राजीव परुथी ने लड़कियों को भविष्य में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के तौर तरीके बताएं एवं भविष्य में अपने जीवन को उज्जवल भविष्य बनाने के लिए क्या कार्य करने चाहिए। उन मुद्दों पर प्रकाश डाला लेक्चर के दौरान लड़कियों ने जमकर राजीव प्की तारीफ की एवं भविष्य में जुड़े रहने की अपील की राजीव परुथी ने कहा एक लड़की यदि शिक्षित होती है। वह अपना भला तो करती है वह शिक्षक बनकर देश की उन्नति में भी भागीदारी निभाती है। लेक्चर के दौरान राजीव परुथी ने कहा मैं तुम्हारा भाई जैसा हूं यदि आज आपका भाई आपको समझाने आया है। तो आप समझ जाइए भविष्य में अंग्रेजी भाषा का

**उत्थान**

**एक लड़की यदि शिक्षित होती है। शिक्षक बनकर देश की उन्नति में भी भागीदारी निभाती है**

बोलबाला बढ़ेगा आपको डिग्री के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा एवं बोलचाल के तरीके पर कार्य करना चाहिए डिग्री से केवल नौकरी मिलती है। परंतु टैलेंट से आप वह हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं यदि आपके अंदर बोलचाल का तरीका अच्छा है तो आप ससुराल में सभी को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। यदि आपके अंदर बोलने की कला बहुत अच्छी है , आपको ज्ञान अच्छा है समाज में अपनी अलग पहचान बन सकती हैं राजीव परुथी ने सभी लड़कियों को शिक्षा दी कि वह अपने मूड को ठीक रखा करें बहुत जल्दी अपने मूड को स्विंग करना भी ठीक नहीं है जैसा माहौल मिले उसे मोहन में ढालने की सलाह दी गई इस मौके पर प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी की जमकर तारीफ की। इस मौके पर डॉक्टर प्रदीप दलाल एवं डॉ धर्मवीर ने भी भविष्य में राजीव परुथी को जुड़े रहने की अपील की।

लेक्चर के बाद बच्चों ने अपना अनुभव भी सांझा किया। एवं कुछ बच्चों ने राजीव परुथी को भाषा का जादूगर बताया। इस मौके पर सभी बच्चों ने काफी आनंद लिया।

# आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस सम्मान समारोह में जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर राज्य स्तर और जिला स्तर पर खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया उन सभी को नगद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान श्री वीरेंद्र आर्य जी रहे विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान ,सदस्य मेहर



सिंह ,सदस्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने प्रधान का विद्यालय में पधारने पर स्वागत और धन्यवाद किया । आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 24 बच्चों ने राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा 25 बच्चों ने जिला स्तर पर स्थान प्राप्त किया ,पांच बच्चों ने अलग-अलग खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करके विद्यालय का

नाम रोशन किया विद्यालय के प्रधान श्री वीरेंद्र आर्य ने और प्रबंधक रामपाल जागलान ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुरु गोलवरकर को उनकी जयंती पर विद्यार्थियों ने किया नमन

माधव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी ने हिंदू समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया

**रेखांकित**

**हिंदू एकता को बढ़ावा देने और हिंदू मूल्यों और परंपराओं के संरक्षण के लिए तर्क दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** माधव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी ने हिंदू समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने जाति आधारित भेदभाव के उन्मूलन, हिंदू एकता को बढ़ावा देने और हिंदू मूल्यों और परंपराओं के संरक्षण के लिए तर्क दिया। उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं स्वदेशी सहित कई सामाजिक सरोकारों पर भी काम किया। गुरु गोलवरकर का दर्शन और विश्वदृष्टि सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी। यह विचार राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री माधव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा गुरु गोलवरकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं लोक मंगल के निमित्त प्रार्थना से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा गुरु गोलवरकर का संदेश हिंदुओं को बुरी ताकतों पर विजय प्राप्त करने पर अपना ध्यान और शक्ति केंद्रित करके अधर्म को ध्वस्त करने और धर्मराज्य का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करता है। जब आज हमारे देश में विघटनकारी ताकतें काम कर रही हैं और विदेशी देश इस उथल-पुथल का फायदा उठाने की फिराक में हैं। कई वर्ष पहले असम भाषा संघर्ष में विदेशी ताकतें शामिल थीं। अब ऐसा प्रतीत होता है कि हरिजन उत्पीड़न के बारे में भ्रामक खबरें फैलाने के पीछे विदेशी प्रभाव है। विदेशी ताकतें समझती हैं कि हमारे देश में अपना प्रभुत्व बनाए रखने का एकमात्र तरीका हिंदुओं को विभाजित करना है।आज हिन्दु समाज में संगठन का अभाव है।आज हमें अपनी जिम्मेदारियों के प्रति अधिक जागरूक होना चाहिए, अपने काम के सभी तत्वों पर विचार करना चाहिए और निकट भविष्य में खुद को पूरी तरह से नियंत्रण में रखना चाहिए और किसी भी कीमत ले भारत को वैश्विक दृष्टि से सब प्रकार से सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के स्तम्भ माधव सदाशिवराव गोलवरकर विश्व में एकता, अखंडता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व वो। गोलवलकर गुरुजी ने आरएसएस के वैचारिक ढांचे का निर्माण और प्रसार किया, जिसे हिंदुत्व के नाम से जाना जाता है। हिंदुत्व हिंदुओं की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान को बढ़ावा देता है जबकि सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में हिंदू हितों को भी बढ़ावा देता है। गोलवरकर जी के कार्यों और भाषणों ने हिंदुत्व दर्शन को परिभाषित करने और लोकप्रिय बनाने में मदद की।श्री गुरुजी का जीवन विशिष्ट और एक ऋषि के समान था।

## न्यूज फ्लैश

### जन्मदिन पर लगाए 90 पेड़



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**

नांगल चौधरी। बगडावत लादी ने अपने जन्मदिन पर 90 पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। लादी ने श्मशान घाट,रामलालपुरी महाराज के स्थान सहित अनेक जगहों पर पेड़ लगाए। उन्होंने कहा,पर्यावरण बचाने की आज जो चुनौती हमारे सामने है,अगर सार्थक प्रयास नहीं किए गए तो निकट भविष्य में मानव जाति को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने बड़ व पीपल के पेड़ लगाए। बगडावत लादी ने बताया, बड़ व पीपल के पेड़ों से ऑक्सीजन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती है,जो मानव जीवन का आधार है।

### घर से चांदी के आभूषण व हजारों की राशि चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में कमरे से हजारों रुपयों की राशि व चांदी की पायल के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। प्याऊ मनियारी निवासी अतुल कुमार ने बताया कि वह काले के मकान में रहता है। वह अपने पापा के पास कमरे में लेटा हुआ था। किसी ने दूसरे कमरे से 20 हजार रुपये की राशि व चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरा का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पावरलिफ्टर वंश हत्याकांड में मुख्य आरोपित की पत्नी गिरफ्तार

**सोनीपत**

**शहर** के प्रगति नगर में पावरलिफ्टर वंश की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित के नाबालिग बेटे के बाद अब उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भज दिया। मुख्य आरोपित वारदात के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। ककरोई रोड स्थित विकास नगर निवासी वंश (20) पावरलिफ्टर था। वह स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही परिवार के दूध के कारोबार में हाथ बंटाता था। रविवार की दोपहर को वह प्रगति नगर में रहने वाली अपनी सहपाठी अक्षिता के घर आया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को गली में खड़ी कर दिया। कुछ देर बाद ही सहपाठी का पड़ोसी कार लेकर आया। गली में बाइक खड़ी से उसकी कार आगे नहीं जा सकी। कई बार हार्न देने के बाद बाहर आए वंश से आरोपित गाली-गलौच करने लगा। विवाद बढने के दौरान आरोपित ने कार से पिस्टल निकाल कर गोली पांच गोली मार थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। जांच में सामने आया कि वारदात में आरोपित का नाबालिग बेटा भी शामिल था। शुरूआत में वंश के साथ उसकी विवाद हुआ था। जिसके चलते उसकी हत्या की गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब मुख्य आरोपित की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर बरती जाएगी सख्ती



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आगामी 7 दिनों के भीतर सभी एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की गहन जांच सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले ऐसे किसी भी केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यदि कोई डॉक्टर इन केंद्रों पर गड़बड़ी में संलिप्त पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग उनके मेडिकल पंजीकरण को तत्काल रद्द करने के लिए हरियाणा मेडिकल काउंसिल को सूचित करे। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से लिंग निर्धारण और लिंग आधारित भेदभाव में शामिल लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हरियाणा में संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) कार्यक्रम की सफलता की राह पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को, विशेष रूप से लिंग निर्धारण जैसे कुकृत्यों में, बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी गर्भपात मामलों पर नज? रखने और उनका विश्लेषण करने तथा किसी भी अनैतिक व्यवहार को रोकने के लिए एमटीपी केंद्रों पर कड़ी नज? रखेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों में कार्यात्मक ट्रैकर होने चाहिए जो लिंग निर्धारण परीक्षण किए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारियों को एसएमएस अलर्ट भेजते हैं। राज्य पोर्टल पर स्व-पंजीकरण करने वाली गर्भवती महिलाओं को 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की संभावना तलाशने का भी सुझाव दिया। हरियाणा द्वारा लिंग-चयनात्मक गर्भपात के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करके, लड़कियों के महत्व के बारे में सामाजिक धारणाओं को बदलने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाकर जन्म के समय लिंगानुपात दर में सफलतापूर्वक सुधार किया गया है।

# घर के बाहर से कार व राठधाना रोड से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमें दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से कार व दो-पहिया वाहनों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-12 निवासी विजय ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गए थे। वापस आए तो कार को घर के सामने खड़ा कर दिया। सुबह उठे तो कार वहां पर नहीं मिली। कार को रात को कोई चोरी कर ले गया। पीड़ित ने मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने इ संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर कार बरामद कर ली जाएगी। वहीं, जिंदल यूनिवर्सिटी में फर्नीचर का काम करने आए मिस्त्री की बाइक चोरी हो गई। उत्तर प्रदेश जिला बागपत के रामलाल ने पुलिस को बताया कि वह यूनिवर्सिटी में काम करने के लिए आए तो बाइक को बाहर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। काम के बाद बाहर आए तो बाइक वहां नहीं मिली।

# ग्रैंड पेरेंट्स के प्रति आभार प्रकट करने हेतु संस्कार स्मरण दिवस का आयोजन

**स्वागत किया**

**सर्वप्रथम विद्यालय में पधारने पर उन्हें तिलक लगाकर गर्म जोशी से उनका स्वागत किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: डी पी एस** पानीपत सिटी में दादा दादी और नाना नानी के प्रति आभार प्रकट करने एवं उनके प्रति सम्मान और प्यार दशार्ने हेतु संस्कार स्मरण दिवस का आयोजन गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सतबीर गुप्ता एवं डॉ. संपत गर्ग ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, कोऑर्डिनेटर आभा विशाद एवं पूनम नेगी , मुख्याध्यापिका डी पी एस जूनियर अंसल सरिता विज अध्यापकगण, सभी विद्यार्थियों के दादा दादी एवं नाना नानी उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय में पधारने पर उन्हें तिलक लगाकर गर्म जोशी से उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया । मुख्य अतिथियों एवं प्रधानाचार्या द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया ।इसके पश्चात कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्रों द्वारा अपने दादा-दादी और नाना नानी के प्रति प्रेम और कृतज्ञता की भावना प्रकट करते हुए एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियों के साथ एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसने सभी के चेहरे पर एक मुस्कान ला दी। छात्रों ने अपने दादा-दादी के प्रति अपने अनुभवों को सांझा किया। उनके दादा-दादी ने भी उन्हें मंत्रों की ध्वनि होने पर आशीर्वाद दिया। साथ-साथ प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया उन मंत्रों का अर्थ भी बता रही थी। इस सारे दृश्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। दादा दादी को शामिल करने तथा उनके मनोरंजन हेतु रैंप वॉक, कई गतिविधियों एवं खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया । विजेता ग्रैंड पेरेंट्स को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जिससे छात्रों एवं उनके प्यारे दादा दादी के लिए यह एक यादगार पल बन गया।

# लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार देर सांय श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। पुजारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह आयोजन मंदिर संचालक आचार्य महेश भारद्वाज के सान्निध्य में श्रवण बंसल परिवार द्वारा करवाया गया जिसमें सभी भक्त श्री श्याम पूजन में शामिल हुए। संकीर्तन में गायक सतपाल खुराना ने लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी,श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे और हम तो बाबा के भरोसे चलते है इत्यादि भजन गाए। साथ ही अन्य श्रद्धालुओं ने भी बारी-बारी से भजन सुनाए। इसके पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संकीर्तन के बाद भंडारा किया गया। खाटू श्याम जी की आरती में डॉ.तुलसी सरदाना,रामकुमार सिंगला,रामपाल शास्त्री,राहुल कौशिक, बंटी राजावत,रमेश जांगड़ा, युवराज, सोनू,प्रवीण सिंगला, विशाल, सन्नी मित्तल,शिवकुमार शर्मा,नमन, अशोक,राजेंद्र,विपिन,विभु,हरगंगा देवी,प्रियंका,ऊषा,निशा,सुदेश व सारिका आदि शामिल रहे।



**भाव का भूखा**

**मैं शरण में तुम्हारी,श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया...**

# जीवन में राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव अग्रसर रहे डिग्री धारक: प्रोफेसर महासिंह

**अग्रसर**

**जीवन का प्रथम एक लक्ष्य पूर्ण और दूसरा लक्ष्य समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए सदा अग्रसर रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह के समापन पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने संस्थान के स्नातक, परास्नातक और पीएचड़ी धारकों को जनसंचार सस्थान के परिसर में हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि जीवन का प्रथम एक लक्ष्य पूर्ण और दूसरा लक्ष्य समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए सदा अग्रसर रहा है और सफलता को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य शिक्षा के बाद समाज सेवा और राष्ट्र सेवा ही है। इस अवसर पीएचडी डिग्री धारक डॉ. राजकुमार सैनी, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. विनीत यादव, डॉ. युक्ति डडवाल और प्रदीप पिलानिया, और स्नातक डिग्री सौरभ सेतिया, संयम भाटिया, नेहा, निकिता, ज्योति, हर्षिता, आसना, मेघा, आसिया, अंजली, सविता, सुमित, कोमल, विशाक्षा, अंकुश, तन्नवी देवी, लोकेश कुमार, प्रियांशु, वासु रहे।


# साइकिल चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने घर से साइकिल चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी उर्फ निक्कू निवासी नाहरा का है। एक महिला ने गत 16 फरवरी को शिकायत देकर बताया कि उसके घर से उसके बेटे की साइकिल को चोरी कर लिया। वारदात को उसके पड़ोसी ने अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक मनीष की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी साइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# समाधान शिविर में किया 15 समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की तरफ से रोजाना लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। नगराधीश डा. रमन गुप्ता बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने क्रिड विभाग से सम्बन्धित 17 और अन्य विभागों से सम्बन्धित 3 सहित कुल 20 समस्याओं को सुना और इनमें से 15 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करे और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे। इस विषय को गंभीरता के साथ लेना है और लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद समाधान भी करना है। नगराधीश ने कहा कि अगर लोग हर विभाग से सम्बन्धित समस्या को समाधान शिविर में लेकर आएंगे और इस शिविर में बैठे अधिकारी लोगों की समस्या का समाधान करेंगे तभी सरकार का मकसद पूरा हो पाएगा। सरकार ने लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए एक ही छत के नीचे समाधान शिविर लगाने का निर्णय लिया। इस शिविर के लिए उपायुक्त नेहा सिंह ने बकायदा रोस्टर तैयार किया है और अब अधिकारी इस रोस्टर के अनुसार लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे है।



**लोगों को लाभ**

**लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा**

# नशे के लिए रुपये नहीं दिए तो चाकू घोंपकर चचेरे भाई को मौत के घाट उतारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के सुंदर सांवरी की डेहा बस्ती में नशे के लिए रुपये न देने पर चचेरे भाई की छाती में चाकू मार कर हत्या कर दी। आरोप है कि वो नशे के लिए रुपये मांग कर रहा था। मना करने पर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फॉरेंसिक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। डेहा बस्ती निवासी सोनू कश्यप ने बताया कि सोमवार को उसका छोटा भाई विजय (29) और चचेरे भाई आशु के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उनकी पत्नी ने दोनों को समझा-बुझा कर घर भेज दिया। सोनू ने बताया कि रात को उसका भाई विजय अपने दोस्त मोनू के साथ पवन की दुकान के निकट खड़ा था। इसी दौरान चचेरा भाई आशु वहां पहुंच गया। वह फिर से उसके साथ झगड़ा करने लगा। विरोध करने पर उसने चाकू निकाल कर छाती में मार दिया। चाकू लगने के बाद विजय नाली में गिर गया। आशु चाकू सहित मौके से फरार हो गया। उसने तुरंत अपने भाई को संभाला। मामले की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जहां घायल को लेकर अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित दिया। वारदात की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जहां जरूरी साक्ष्य जुटा कर शव को शवगृह में रखवाया।

> **चाकू** से हमला कर घायल करने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची। जहां युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित किए गए है। महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। परिजनों ने वीडियो सौंपी है। हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
>
> **सतबीर सिंह, प्रभारी, सिविल लाइन थाना।**

**वारदात**

**रुपये न देने पर चचेरे भाई की छाती में चाकू मार कर हत्या कर दी। आरोप है कि वो नशे के लिए रुपये मांग कर रहा था**

**मोबाइल में झगड़े की वीडियो कैद, नशे के लिए मांगने का आरोप-** देर रात को हुई वारदात में मोबाइल से वीडियो बनाई जा रही थी। वीडियो में दोनों के बीच कुछ सेकंड बहस होती दिख रही है। आरोपित ने उसे कहा कि घर के आगे वारदात होगी। जिस पर विजय ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ लगते ही आशु ने जेब से चाकू निकाल कर छाती पर वार कर दिया। जिसके बाद विजय जमीन पर गिर गया। बताया जा रहा है आशु नशे के लिए रुपये मांग रहा था। उसे रुपये न देने के बाद दोनों में झगड़ा हो गया।

**वारदात के कुछ घंटों बाद हत्यारोपित गिरफ्तार-** वारदात के बाद हत्यारोपित मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने हत्यारोपित को कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित आशु निवासी टेहा बस्ती सुंदर सांवरी का है। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश करेगी।

# पुलिस अधीक्षक ने किया उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने जिला पुलिस के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया जिन्होंने माह जनवरी में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। जानकरी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के निदेशार्नुसार हर माह विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को ह्वकॉप्स ऑफ दी मंथह्व चुना जाता है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में माह जनवरी में 6 पुलिस कर्मचारियों को ह्वकॉप्स ऑफ दी मंथह्व चुना गया। प्रवक्ता ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, संजीव कुमार, प्रदीप कुमार, हवलदार कृष्ण कुमार सिपाही दिनेश कुमार तथा महिला सिपाही रीटा को माह जनवरी के लिए ह्वकॉप्स ऑफ दी मंथह्व चुना गया। चुने गए कर्मचारियों को बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौका पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भविष्य में भी अपराध को रोकने तथा अन्य पुलिस कार्य प्रणाली में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।



## न्यूज फ्लैश

### इग्नू ने दाखिलों की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक फिर बढ़ाई: डॉ धर्म पाल

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डा धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) कार्यक्रम व्यावसायिक सामाजिक कार्य में उच्च अध्ययन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करता है। दुनिया भर में और भारत में समाज कार्य पाठ्यक्रम से संबंधित मुख्य पाठ्यक्रम की पेशकश के अलावा, इसमें समाज कार्य के कुछ प्रासंगिक क्षेत्रों जैसे वैश्वीकरण, प्रवासन, भारत में सामाजिक कार्य का इतिहास, सामाजिक कार्य अभ्यास पर सिद्धांत पत्र और पाठ्यक्रम शामिल हैं। एचआईवी/एड्स पर जो वर्तमान समय के संदर्भ में अत्यधिक उपयोगी होने की उम्मीद है। शिक्षार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए व्यावहारिक घटकों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जो उम्मीदवारों को देश के भीतर और बाहर उपयुक्त प्लेसमेंट खोजने में सक्षम करेगा। बैचलर डिग्री प्रोग्राम सोशल वर्क (बीएसडब्ल्यू) उन उम्मीदवारों के लिए है जो जरूरतमंद लोगों को पेशेवर सहायता प्रदान करने में रुचि रखते हैं। सामाजिक कार्य में पेशेवर प्रशिक्षण/डिग्री वाले व्यक्ति आमतौर पर सामाजिक रूप से प्रासंगिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य देखभाल, सामुदायिक विकास, शिक्षा, उद्योग, परामर्श, परिवार, सुधार, सामाजिक रक्षा, महिलाओं, बच्चों, विकलांगता आदि में काम करते हैं। जो विद्यार्थी मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) और बैचलर इन सोशल वर्क(बीएसडब्लू) पाठ्यक्रमों में दाखिला लेना चाहते है वो इग्नू की वेबसाइट पर जाकर दाखिला ले सकते है इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी गयी है इसके साथ साथ जिन विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष या सेमेस्टर बेस्ड पाठ्यक्रमों में री-रेजिस्ट्रेशन करवाना है ऐसे विद्यार्थी भी 28 फरवरी तक री-रेजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

### केन्द्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि केन्द्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस जेल लोक अदालत में 25 मुकदमें रखे गए थे। जिनमें नियमानुसार 02 मुकदमों का निपटारा किया गया और 04 बंदियों को निर्धारित शर्तो पर रिहा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि जिला एंव सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के मार्गदर्शन में प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि सम्बन्धित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थाई लोक अदालत में लगाकर निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत जिला एडीआर सैंटर अम्बाला में स्थापित है और किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते हैं। उन्होने यह भी बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय अम्बाला व सब डिवीजन नारायणगढ की अदालतों में 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत 7 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0171-2532142 व 9991112660 व नालसा हैल्पलाईन नम्बर 15100 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत में लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें इस लोक अदालत में रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं जिससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढती है और लोक अदालत में समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नहीं होती जिससे समय व धन की बचत होती है।

### मेयर पद के उपचुनाव के लिए प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के उप चुनाव के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी से शैलजा सचदेवा पत्नी संदीप सचदेवा व कांग्रेस पार्टी से अमीषा चावला है। तमाम औपचारिकताएं पूरी करते हुए सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक व रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में तथा दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों के समक्ष चुनाव चिन्ह आंबटित किए गए। प्रत्याशी शैलजा सचदेवा को कमल का फूल व प्रत्याशी अमीषा चावला को हाथ का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि पोलिंग स्टेशन की सूचि नगर निगम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय के बाहर चस्पा करवा दी गई हैं। साथ ही साथ जिला की वैबसाईट पर भी यह सूचि अपलोड कर दी गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने मेयर पद के उप चुनाव में खडे दोनों प्रत्याशियों को अपील की है कि चुनाव आयोग की जो हिदायतें है उसकी अनुपालना के तहत चुनाव से जुड़े कार्यों को करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर पहले से ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। चुनाव के दौरान आदर्श के लिए नगर निकाय चुनाव के लिए पुलिस पर्यवेक्षक मनीष चौधरी आईपीएस (9646990221) को लगाया गया है।

# कलियुग में भाई आपस मे सम्पत्ति बाँटते हैं: आचार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
समालखा अनाज मंडी मे आयोजित श्री राम कथा के पांचवें दिन प्रभु राम और उनके अनुज भरत जी का मिलन हुआ। इससे पहले ब्यास गद्दी पर विराजमान आचार्य विजय कौशल महाराज ने जब राम वनगमन के बाद राजा दशरथ का राम वियोग का मार्मिक वर्णन किया तो श्रोताओ की आंखे भी नम हो गई। श्रीश्याम बाबा सेवा मण्डल द्वारा मनाए जा रहे फाल्गुनोत्सव मे श्रीराम कथा मे अमृत वर्षा करते हुए आचार्य विजय कौशल महाराज ने कहा कि त्रेता युग में भाई आपस मे विपत्ति बाँटते थे,लेकिन कलियुग में भाई आपस मे सम्पत्ति बाँटते हैं।





श्री राम वनगमन की कथा सुनाते हुए उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम गंगा पार करने के पश्चात भारद्वाज मुनि के आश्रम में गये हैं तो भारद्वाज मुनि के आनन्द की कोई सीमा नहीं रही है।तत्पश्चात प्रभु महाऋषि वाल्मीकि के आश्रम गये हैं,प्रभु श्रीराम ने ऋषि वाल्मीकि के सामने वनगमन की सारी कथा विस्तार से सुनाई है तो प्रभु श्रीराम ने वाल्मीकि जी से अपने रहने का स्थान पूछा। ऋषि वाल्मीकि जी ने श्री राम को चित्रकूट रहने का आग्रह किया।

चित्रकूट पर्वत पर प्रभु श्रीराम से देवता, किन्नर, नाग, कोल, भील, गिरिवासी,आदिवासी, ऋषि मुनि आदि सभी मिलने आये। भगवान राम ने सबको आदरभाव से प्रणाम किया।

विजय कौशल महाराज ने कथा का मार्मिक वर्णन करते हुये कहा कि राम वनगमन यात्रा राष्ट्र निर्माण की यात्रा है, क्योंकि प्रभु श्रीराम ने स्वयं सभी प्रजावासियों के पास जा-2 कर मिले है तथा उनके दुःख सुख की चिन्ता स्वयं की है। और जथाजोग उनका निवारण किया है। कौशल महाराज ने राजा दशरथ के वियोग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि महाराज द?शरथ राम के वियोग में भाव विहल हैं, दशरथ जी को श्रवण के माता पिता द्वारा दिया गया श्राप याद आ रहा है, और तीन बार राम राम कहकर दशरथ जी ने अयोध्या शोक में डूब गयी। इस मार्मिक कथा वर्णन सुनकर सभी श्रद्धालुओं की आंखे छलक उठी। श्रीश्याम बाबा

**मांग**

**⏩ समालखा अनाज मंडी मे आयोजित श्री राम कथा के पांचवें दिन प्रभु राम और उनके अनुज भरत जी का मिलन हुआ**

सेवा मंडल के प्रधान सत्यवीर गुप्ता, राकेश मोनी बंसल, शिव कुमार गोयल, सुरेन्द्र मितल,नवीन बंसल, पवन गुप्ता, प्रदीप बंसल, कृष्ण बसंल, पवन सिंघल, नन्द किशोर सिंघल,सदीप गुप्ता, विनय सिंघल, मोहित गोयल, विपीन व सौरभ बंसल अन्जू बंसल विमल बसल निलम गर्ग सन्तोष सिघल उषा बंसल सुमन गर्ग संगीता गोयल नायरा बंसल आदि उपस्थित रहे।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शाहबाद मारकंडा के गांव रावा और दामली में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। शाहबाद हल्के के गांव रावा और दामली में आयोजित इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरुक्षेत्र



संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके।उन्होंने बताया कि आज शाहबाद हल्के के गांवों में नवीन संकल्प शिविरों में 21 लोगों की समस्याओं का समाधान और 10 लोगों को छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

गांव रावा और दामली के नवीन संकल्प शिविरों में 72 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 30 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए उन्होंने बताया कि एक दिन पहले शाहबाद के गांव खरींडवा में नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 67 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई जबकि 12 लोगों के युरिन व रक्त के टेस्ट भी किए गए।

**नि:शुल्क**

**⏩ गांव रावा और दामली के नवीन संकल्प शिविरों में 72 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई**

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इन नवीन संकल्प शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए गांवों के राजेंद्र सिंह, मदनलाल गुप्ता, देशराज कश्यप, रिंकू चहल, गुरजैंट कश्यप, अमरीक सिंह, अनंत राम शर्मा, हरमीत सिंह, अजीत पाल सिंह, जोगिंदर सिंह, विक्रम सरपंच, राकेश सरपंच, रामचंद्र और गणमान्य लोगों ने सहयोग किया।

## बठिंडा एक्सप्रेस से सांदल कलां स्टेशन के पास गिरा व्यक्ति, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: अंबाला-दिल्ली** रेलमार्ग पर बठिंडा एक्सप्रेस से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यात्रियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी पहचान के प्रयास कर रही है। जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई भगत राम ने बताया कि अंबाला से दिल्ली की तरफ जाने वाली गाड़ी संख्या 14508 बठिंडा एक्सप्रेस मंगलवार को जब सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंची, तभी चलती

**हादसा**

**⏩ मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया**

ट्रेन से करीब 53 वर्षीय व्यक्ति नीचे गिर गया।

हादसे में पैर टूटने व सिर में लगी गंभीर चोट के कारण व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने घटनास्थल पर यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## वर्करों ने मांगों को लेकर कामरेड की देखरेख में प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला सोनीपत में जिला कार्यक्रम अधिकारी के ऑफिस सैकड़ो की संख्या में वर्करों ने अपनी मांगों को लेकर कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी की देखरेख में प्रदर्शन किया। अध्यक्षता उषा ने की और संचालन सोना देवी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत ही कम वेतन में आंगनबाड़ी वर्करों से बहुत ज्यादा काम लेने का कार्य कर रही है सरकार द्वारा वर्करों को 3ॠके फोन देकर 5ॠ वाले नेटवर्क का काम करवाना चाहती है। पोषण फेस कैपचरिंग का कार्य सेनेटरी नैपकिन आदि कामों को लेकर वर्करों पर बहुत ज्यादा दबाव विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। सरकार आंगनबाड़ी केंद्र का किराया ईंधन का पैसा बहुत कम दे रही है और सेंटर विभाग को अच्छी फैसिलिटी वाले चाहिए समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा।

## महाकुंभ : सोनीपत डिपो से प्रयागराज के लिए रोडवेज की दो लॉरी भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: महाकुंभ** मेले में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर जिला वासियों में उत्साह व आस्था है। रोडवेज विभाग की तरफ से लोगों को महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए बसों की बुकिंग करना शुरू कर दिया है। उसी के तहत दो रोडवेज की लॉरी मंगलवार को रवाना हो गई। आस्था के पर्व पर गंगा में डुबकी लगाने वालों ने बुधवार को प्रयागराज जाने के लिए दो बसों की सभी सीटें एक दिन पहले ही बुक कर ली है। ऐसे में अन्य सवारियों को आगामी दिन के लिए बुकिंग कराने का विकल्प दिया जा रहा है। बता दें कि

**बुकिंग**

**⏩ विभाग की तरफ से लोगों को महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए बसों की बुकिंग करना शुरू कर दिया है**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने की इच्छा रखने वाले जिलेवासियों को रोडवेज की तरफ से चलाई सीधी बस सेवा खूब रास आ रही है। महाकुंभ मेला जैसे-जैसे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। रोडवेज ने यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देते हुए बढ़ती संख्या के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई है। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को बस अड्डे से प्रयागराज के लिए दो बसें रवाना की गई। विशेष बात यह है कि इन दोनों बसों की सभी सीटें सोमवार को ही बुक हो चुकी थी। ऐसे में बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों ने अब बुधवार के लिए एडवांस बुकिंग करवाई है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

## 08 मार्च 2025 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**सोनीपत:** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवंम जिला एवंम सत्र न्यायाधीश श्री प्रमोद गोयल के नेतृत्व में तथा श्री प्रचेता सिंह , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवंम सचिव की देखरेख में शनिवार 08 मार्च 2025 को जिला स्तर पर सोनीपत ० उपमंडलीय स्तर पर गोहाना , गनौर , खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले ), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले , ट्रैफिक चालान , मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा।

## दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में सौतले पिता ने नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बनाने व नाबालिग लड़की आरोपित के बच्चे की मां बनाने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पचास हजास रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक लड़की ने 28 नवबंर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पिता पप्पू की करीब 18 साल पहले मौत हो गई थी। उसके मामा ने उसे गौद ले लिया था। करीब नौ साल पहले उसकी मां ने

**सजा का ऐलान**

**⏩ बेटी की दूसरी जगह शादी करना चाहती थी, लेकिन आरोपित उसकी शादी करने से नाराज था**

राजू निवासी बुलंदशहर के साथ शादी कर ली। उसके बाद वह अपनी मां के साथ रहने लगी। लड़की ने बताया कि हाल में उसकी आयु 17 वर्ष है। जब वह 14 साल की थी उसका सौतेला पिता राजू ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। उसके बाद वह उसके साथ गलत काम करता रहा। करीब एक साल पहले वह सोनीपत शहर थाना क्षेत्र में आकर रहने लगे। उसने करीब तीन माह पहले बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता ने बताया कि वह उसकी मां उसकी शादी करने लगी। उसकी मां दिव्यांग है। उसका सौतेला पिता इसका विरोध करने लगे। मामले को लेकर उसने पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई उषा की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया था। पुलिस ने बच्ची के गर्भ में पल रहे बच्चे का डीएनए करवाया जोकि आरोपित के डीएनए के साथ मैच हो गया था। मंगलवार को मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**मां दिव्यांग, नाबालिग ने दिया बच्चे को दिया था जन्म-** नाबालिक का आरोप था कि आरोपित सौतेला पिता उसके साथ मारपीट करता रहता था। नाबालिग की मां दिव्यांग बताई जा रही है।

बेटी की दूसरी जगह शादी करना चाहती थी, लेकिन आरोपित उसकी शादी करने से नाराज था। जिसके चलते उसके साथ व उसकी मां के साथ मारपीट करता था। करीब तीन माह पहले नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया। मां बनने के बाद दोनों मां-बेटी बच्चे को पाल रही है।

## परीक्षाओं के चलते जारी किए धारा 163 के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली(सीबीएसई) की 10 व 12वीं कक्षा के लिए होने वाली परीक्षाओं के चलते जिलाधीश डॉ० मनोज कुमार ने धारा-163 के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने आदेशों में बताया कि सीबीएसई की परीक्षाएं 04 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित होंगी इसलिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में पाबंदियां रहेंगी। जिलाधीश द्वारा जारी किए आदेशों में कहा गया है कि परीक्षाओं को निर्बाध व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत यह आदेश जारी किए गए हैं,

**पाबंदियां**

**⏩ सीबीएसई की परीक्षाएं 04 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित होंगी**

जिसके तहत जिला की सीमा में आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि व परीक्षा केन्द्र में आग्नयास्त्र, तलवार, गण्डासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू तथा अन्य हथियार व मोबाईल फोन लेकर जाने अलावा 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी।

## शिक्षा में नैतिकता का समावेश आवश्यक: डॉक्टर पूरणमल गौड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: स्वर्ण** जयंती व्याख्यान माला के तहत आज टीका राम शिक्षा महाविद्यालय सोनीपत में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉक्टर पूरणमल गौड़ ने "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में राष्ट्रवाद ,संस्कृति एवं नैतिकता का समावेश" पर व्याख्यान दिया ' उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समाहित नैतिकता राष्ट्रवाद एवं संस्कृति इत्यादि बिंदुओं को अपने व्याख्यान में विस्तार पूर्वक बताया ' उन्होंने राष्ट्रवाद की स्वामी विवेकानंद द्वारा उल्लेखित अर्थ को विस्तार पूर्वक बताया ' डॉक्टर गौड़ ने शिक्षा में नैतिकता एवं मूल्यों का समावेश, शिक्षा एवं राष्ट्रवाद, समाज में शिक्षक की भूमिका एवं राष्ट्र



निर्माण में मातृभाषा के महत्व को उल्लेखित किया ' डॉक्टर पूरणमल गौड़ ने वर्तमान शिक्षा के परिपेक्ष्य में शिक्षा महाविद्यालय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया ' व्याख्यान के दौरान बी.एड., एम.एड. के विद्यार्थी, स्टाफ एवं जी. वी. एम. शिक्षा महाविद्यालय के विशेष तौर पर आमंत्रित प्राध्यापिकाएं ,डॉक्टर आरती, डॉक्टर सीमा एवं श्रीमती सुषमा मौजूद रहे ' विद्यार्थियों को संबोधित करने के उपरांत डॉक्टर गौड़ ने टीका राम एवं जी वी एम शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ ठएढ- 2020 के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की ' कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर इंदु राठी ने बताया कि ठएढ- 2020 के विभिन्न पहलुओं पर आगामी दिनों में भी इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा।

## ज्ञान गंगा स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव 'अस्तित्व' का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर (जी-2 ) में वार्षिकोत्सव 'अस्तित्व ' का भव्य आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया । इससे पहले विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन ,डायरेक्टर ध्रुव जैन, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन



ने कहा कि जब से मनुष्य का जीवन अस्तित्व में है तब से वह निरंतर उन मूल्यों की तरफ अग्रसर है, जिसे प्राप्त कर लेने पर उसका जीवन व्यवस्थित होने के साथ-साथ आत्मिक सौंदर्य से भी परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति समस्त मानव जाति का कल्याण चाहती है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन गौरवशाली मान्यताओं एवं परंपराओं के साथ ही नवीनता का समावेश भी दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति और विरासत को समझना और आगे बढ़ाना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सम्पूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के कंधे पर है। विद्यार्थियों

**यादगार**

**⏩ छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया**

को चाहिए कि देश व समाज में अपने अस्तित्व को समझते हुए अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। डायरेक्टर ध्रुव जैन ने इस शानदार आयोजन को लेकर सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बच्चों में गणितीय कौशल को बेहतर बनाने के लिए उन्हें अबैकस व वैदिक गणित की शिक्षा भी दी जा रही है। बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ ही उन्हें संस्कारवान व श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। छात्र करण, छात्रा औरशिया, टीया ,यशस्वी व रिद्धिमा ने शानदार तरीके से कार्यक्रम का संचालन किया । इस मौके पर अध्यापिका कविता, मंजू गांधी, कोमिला, पूनम, रोजी, मेघा, कोमिला, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ललिता, भव्या, रितिका, ज्योति, युक्ति, कविता नैन, मोनिका दूहन, अध्यापक सतीश, वेद प्रकाश गुप्ता सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे ।

# रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता चुनने पर शालीमार बाग क्षेत्र में जश्न का माहौल

● शालीमार बाग को दूसरी बार मिला दिल्ली का मुख्यमंत्री ● दिल्ली को मिली चौथी महिला मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता को चुन लिया गया है, आज दिल्ली में सीएम का शपथ ग्रहण होगा। आपको बातदें कि रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं सीएम होंगी। भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया है।

वे दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से विधायक हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया है। रेखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) और बीजेपी से जुड़ी हैं। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर शालीमार बाग क्षेत्र में जश्न का माहौल है। आपको बातदें कि इससे पहले दिल्ली को तीन महिला मुख्यमंत्री मिल चुकी है, इनमें



सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अतिशी है और अब रेखा गुप्ता होंगी। ज्ञात रहे कि रेखा गुप्ता ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत एबीवीपी से की थी। वह डूसू की अध्यक्ष भी रही। साथ ही तीन बार की पार्षद भी रह चुकी है। पार्षद रहते हुए, रेखा गुप्ता ने नगर निगम के कई बड़े पदों पर अपनी विशेष भूमिका निभाई है। इस विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता को प्रचंड बहुमत मिला। पहली बार विधानसभा पहुंची श्रीमती गुप्ता ने सीधे मुख्यमंत्री 'रेखा' पार कर ली है। शालीमार बाग उनका गृह क्षेत्र होने के साथ-साथ कर्म क्षेत्र भी है। पिछले कुछ वर्षों में महिला नेत्री होने के नाते रेखा गुप्ता ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। शालीमार बाग की खुशकिस्मति है कि दूसरी बार दिल्ली का मुख्यमंत्री मिला है। इससे पहले 1993 में साहिब सिंह वर्मा यहां से विधायक चुनकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। उन्हें ढाई वर्ष मुख्यमंत्री का कार्यकाल संभालने का मौका मिला था।

# अशोक विहार: केशव पुरम जोन शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है: योगेश वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के अशोक विहार फेस वन, ई-ब्लॉक स्कूल में केशव पुरम जोन, दिल्ली शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रवीण खंडेलवाल (सांसद) थे, जबकि संदीप गहलोत (उपायुक्त, केशव पुरम जोन) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश वर्मा (एडवोकेट एवं अध्यक्ष, केशव पुरम जोन) ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

मुख्य अतिथि प्रवीण खंडेलवाल ने विज्ञान मेले का अवलोकन करने के पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने जिस लगन और रचनात्मकता से भाग



लिया है, वह निस्संदेह उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को उभारते हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी करते हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि केशव पुरम जोन सदैव से शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है। हमारा उद्देश्य बच्चों को श्रेष्ठ शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है ताकि वे देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि हमने अपने स्कूलों में स्मार्ट रूम स्थापित किए हैं।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में 20 फरवरी को भी रहेगी वकीलों की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में दिल्ली की जिला अदालतों में वकीलों की हड़ताल आज 20 फरवरी को भी जारी रहेगी। दिल्ली के वकील प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल, 2025 के विरोध में 17 फरवरी से हड़ताल पर हैं। आज भी दिल्ली की सभी निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। जिसकी वजह से मामले में सुनवाई नहीं हो सकी और पक्षकारों को केवल डेट ही मिली। दिल्ली में हड़ताल का आह्वान कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली ने किया है। कोआर्डिनेशन कमेटी के मुताबिक एडवोकेट अमेंडमेंट बिल वकीलों की गरिमा और स्वतंत्रता पर हमला है। कोआर्डिनेशन कमेटी ने दिल्ली की निचली अदालतों के न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे वकीलों की अनुपस्थिति में कोई भी प्रतिकूल आदेश जारी नहीं करें। कोआर्डिनेशन कमेटी का कहना है कि प्रस्तावित ड्राफ्ट बिल के जरिये वकीलों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और इससे बार एसोसिएशंस की ताकत को कम करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, केंद्र सरकार ने हाल ही में एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का ड्राफ्ट जारी किया है। केंद्र सरकार ने इस ड्राफ्ट बिल पर सभी पक्षों के सुझाव मांगे हैं। इस बिल में वकीलों को न्यायिक कार्यों के बहिष्कार या हड़ताल करने या काम से दूर रहने से रोकने का प्रावधान है। इस अमेंडमेंट बिल की धारा 35ए वकीलों को न्यायिक कार्यों के बहिष्कार करने के अधिकार को रोकता है। इसके अलावा अमेंडमेंट बिल के मुवक्किलों की ओर से दिए गए दस्तावेज अगर फर्जी पाए गए, तो उसकी जिम्मेदारी वकील की होगी। भी प्रस्ताव दिल्ली में वकीलों के विरोध की एक वजह है।

# विद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली स्थित श्री गोवर्धन विद्या निकेतन स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की (395) जयंती पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गोवर्धन एजुकेशनल सोसाइटी के ट्रस्टी वाइस चेयरमैन के.डी पाठक वरिष्ठ पत्रकार, विद्यालय प्रबंधक विष्णु दत्त शर्मा कक्षा अध्यापिका और विद्यार्थी, छत्रपति शिवाजी महाराज का कथन 'स्वतंत्रता एक ऐसा वरदान है जिसे पाने का हर कोई अधिकारी है।

शौर्य, पराक्रम एवं वीरता के प्रतीक, माँ भारती के वीर सपूत, भारतीय नौसेना के पितामह एवं स्वाधीनता का बिगुल फूंकने वाले महान मराठा शासक छत्रपति





शिवाजी महाराज की जयंती पर भारतीय देशवासी नमन करते हैं। हिन्द स्वराज के संस्थापक परम प्रतापी योद्धा, अद्भुत साहस व शौर्य के प्रतीक, कुशल प्रशासक राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पित छत्रपति शिवाजी महाराज। इस शुभ अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार के.डी पाठक ने बताया कि छत्रपति शिवाजी राजे भोसले भारत के एक महान राजा एवं रणनीतिकार थे। जिन्होंने 1674 ई. में पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी। इसके लिए उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासक औरंगजेब से संघर्ष किया। सन् 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ और वह 'छत्रपति बने'।

शत्रु चाहे कितना भी बलवान क्यों न हो, उसे अपने इरादों और उत्साह से आसानी से हराया जा सकता है, कोई भी काम करने के पहले उसका परिणाम सोच लेना चाहिए, क्योंकि आपकी आने वाली पीढ़ी उस परिणाम को भोगती है। जो इंसान बुरे वक्त में भी शिद्दत से अपने काम में लगा रहता है, उसके लिए वक्त खुद बदल जाता है। ऐसे सुंदर विचारों वाले क्षत्रिय हिंदू धर्मोधारक उपाधियों से अलंकृत छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती पर उन्हें पूरा देश नमन करता है।

# प्रधानमंत्री 'सोल' लीडरशीप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का करेंगे उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार (21 फरवरी) को सुबह नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। सोल गुजरात में एक उभरता हुआ संस्थान है। 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहां राजनीति, खेल, कला और

**जानकारी**

**▶▶ प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। सोल गुजरात में एक उभरता हुआ संस्थान है।**

मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह कॉन्क्लेव सहयोग एवं वैचारिक नेतृत्व के एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

# मैराथन: 25,000 से अधिक धावक लेंगे हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली 23 फरवरी को देश के सबसे बड़े मैराथन आयोजनों में से एक की मेजबानी करने जा रही है। अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन के 10वें संस्करण में 25,000 से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। इस प्रतिष्ठित मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय मैराथन का दर्जा दिया गया है और इसे एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन (एआईएमएस) तथा विश्व एथलेटिक्स द्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

**गोपी चंद और अजिंक्य रहाणे दिखाएंगे हरी झंडी**

नई दिल्ली मैराथन के आयोजकों के अनुसार, इस बार की रेस को हरी झंडी दिखाने के लिए पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और पद्म श्री पुरस्कार विजेता पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे मौजूद रहेंगे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से यह मैराथन शुरू होगी और दिल्ली की ऐतिहासिक सड़कों से होकर गुजरेगी।



**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा आकर्षण**

इस साल मैराथन को भारत के 27 राज्यों और 543 शहरों के अलावा 24 देशों के धावकों की भागीदारी मिली है, जिससे यह एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बन गया है।

**चार श्रेणियों में होगी दौड़**

धावकों को चार श्रेणियों पूर्ण मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10और 5 में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

**भारतीय एलीट धावकों का दमखम**

प्रतियोगिता में भारतीय एलीट मैराथन टीम के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे, जिनमें अनीश थापा, बेलियप्पा, मान सिंह गोपी टी, विक्रम बांगरिया, अक्षय सैनी, भागीरथी बिष्ट, लक्ष्मी केयम, निरमाबेन ठाकोर भरतजी, अश्विनी मदन जाधव और डिस्केट डोलमा शामिल हैं।

# भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा: संघ प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' कार्यालय में आज प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की आवश्यकता होती है लेकिन जितना आवश्यक है उतना ही वैभव होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा। अब अनुकूलता का वातावरण है और हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने पर हमें पूर्ण विश्वास है और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आखों से देश को ऐसा बनते देखेंगे। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।

सरसंघचालक ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और बहुत से विषयों का यहां से संचालन होता है। ऐसे में यहां एक कार्यालय की आवश्यकता महसूस की गई और उस आवश्यकता के अनुसार यहां कार्यालय बनाया गया है।

# जी20 ईडब्ल्यूजी बैठक में युवाओं और महिलाओं के लिए बेहतर रोजगार पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में समावेशी विकास और युवा रोजगार तथा समावेशी भविष्य के लिए सामाजिक सुरक्षा और डिजिटलीकरण की प्राथमिकता वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में 18-21 फरवरी 2025 को पोर्ट एलिजाबेथ, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित इस पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस प्रतिनिधिमंडल में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. थेल्मा जॉन डेविड और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के उप निदेशक पीयूष कुमार पाठक शामिल थे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार पहली जी20 रोजगार कार्य समूह बैठक में जी20 सदस्य देशों ने रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के लिए अपने-अपने नीतिगत दृष्टिकोण पर जोर देते हुए हस्तक्षेप किया। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और नॉर्वे सहित आमंत्रित सदस्य देशों ने भी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर हस्तक्षेप किया। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने भी वैश्विक रोजगार रुझानों और श्रम बाजार सुधारों में सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक प्रस्तुति दी। हस्तक्षेप के दौरान सचिव ने रोजगार सृजन, श्रम बाजार लचीलापन और व्यापक सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से भारत के प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत कृषि, एमएसएमई, विनिर्माण, चिकित्सा शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास सहित रणनीतिक क्षेत्रीय निवेशों के माध्यम से अपने आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करना जारी रखता है।

# सौरभ भारद्वाज को कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज को बड़ी राहत दी है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने भाजपा बीजेपी नेता सूरज चौहान की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने मामला दर्ज करने में देरी का हवाला देते हुए सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दाखिल आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। कोर्ट ने सूरजभान चौहान की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अदालत की राय है कि शिकायतकर्ता वर्तमान शिकायत दर्ज करने में देरी की छूट का हकदार नहीं है।

# राफेल जेट हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय वायु सेना के 36 राफेल फाइटर जेट में से 10 विमान जल्द ही हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस हो जाएंगे। इस तकनीक के हासिल होने पर विमानों की रेंज भी बढ़ जाएगी और उन्हें ज्यादा दूर तक तैनात किया जा सकेगा। ईंधन भरने की क्षमता के लिए वायु सेना को ग्राउंड-आधारित उपकरण और सॉफ्टवेयर अपग्रेड प्राप्त होंगे। भारतीय नौसेना भी फ्रांस से 26 राफेल मरीन जेट खरीद रही है, जो हवा से जमीन पर और हवा से हवा में हमला करने में भी सक्षम हैं। भारत ने वायु सेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट हासिल किये हैं, जिनके लिए अंबाला एयरबेस पर और पश्चिम बंगाल के



हाशिमारा एयरबेस पर दो स्क्वाड्रन बनाई गई हैं। एलएसी पर चीन से तनातनी के बीच भारत ने राफेल लड़ाकू विमानों को लद्दाख के फ्रंट-लाइन एयरबेस पर तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस स्क्वाड्रन को सिक्किम से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाशिमारा बेस उसी विवादित डोकलाम इलाके के बेहद करीब है।

जहां वर्ष 2017 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच 75 दिन लंबा टकराव हुआ था। भारत के सभी 36 राफेल ऑपरेशनल होने के बावजूद इनमें हवा के मध्य ईंधन भरने की तकनीक नहीं थी। अब भारतीय नौसेना स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 26 राफेल मरीन विमान खरीद रही है। फ्रांस के साथ 60? हजार करोड़ रुपये से अधिक का राफेल मरीन जेट सौदा भारतीय वायु सेना के 36 राफेल बेड़े की ईंधन भरने और अन्य क्षमताओं को उन्नत करने में भी मदद करेगा।

**तकनीक**

**▶▶ भारतीय नौसेना फ्रांस के साथ 60 हजार करोड़ के सौदे में खरीद रही है 26 राफेल मरीन जेट**

# ऑल इंडिया पंथक कन्वेंशन द्वारा ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवा समाप्ति का फैसला सिरे से खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया पंथक कन्वेंशन ने तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवाओं को समाप्त करने के बारे में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा लिया गया फैसला पहले ही रद्द कर दिया है और ज्ञानी हरप्रीत सिंह से अपील की है कि वह सिख धर्म के प्रचार और प्रसार के लिए कार्य करें, इसके लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी सहित सभी सिख संस्थाएं उनका समर्थन करेंगी। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में भाई लखी शाह वंजारा हॉल में हुई आल इंडिया पंथक कन्वेंशन में लगभग आधे दर्जन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें पहले प्रस्ताव के तहत श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा 2 दिसंबर को सुनाए गए हुकमनामे को लागू करने की समर्थन की गई। दूसरे प्रस्ताव के तहत ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवा समाप्ति के फैसले को पहले रद्द किया गया और उन्हें विश्वभर में



सिख धर्म के प्रचार और प्रसार की मुहिम जारी रखने की अपील की गई। तीसरे प्रस्ताव के तहत 1984 के सिख नरसंहार के दोषियों का सम्मान करने की निंदा की गई और प्रण लिया गया कि इस नरसंहार के सभी दोषियों को सजा दिलवाने तक दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की मौजूदा टीम संघर्ष जारी रखेगी। चौथे प्रस्ताव के तहत विश्व स्तर पर सिखों की तालमेल समिति बनाने की प्रस्ताव रखी गई ताकि देश-विदेश की प्रमुख प्रबंधक समितियों की साझेदारी से सिख कौम को सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान किया जा सके। यह भी कहा गया कि जत्थेदार साहिबान की नियुक्ति के लिए, विधि विधान बनाया जाए। एक अन्य प्रस्ताव के तहत



कन्वेंशन में कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के. के खिलाफ मामलों में चार्जशीट दायर करने का स्वागत किया गया और संगत से अपील की गई कि ऐसे लोगों से दूर रहें। जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो द्वारा जैकारों के साथ पारित प्रस्ताव के तहत संगत ने अदालत से अपील की कि 1984 के सिख नरसंहार के मामले में कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाए। संगत को संबोधित करते हुए ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सिर्फ 10 लोग ही अकाली दल को डूबोने में लगे हैं, जिनमें से 2 दिल्ली के हैं और 8 पंजाब के हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने कार पर हथौड़ा मारकर अब उस पर सवारी कर ली है। उन्होंने कहा कि बाकी सारी कौम पंथ की बेहतरी के लिए काम कर रही है, लेकिन ये 10 लोग पंथ के खिलाफ काम कर रहे हैं। इस कन्वेंशन में बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि आज की कन्वेंशन की मेजबानी करने के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि आज जो हालात शिरोमणि कमेटी और शिरोमणि अकाली दल के हैं, उनके लिए बादल परिवार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि वह ज्ञानी रघबीर सिंह जत्थेदार अकाल तख्त से अपील करते हैं कि इस मसले का हल तब तक न हो, जब तक वह अकाली फूला सिंह का रोल नहीं निभाते और सुखबीर सिंह बादल को पंथ से बाहर नहीं करते। इस पंथिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि एक परिवार को बचाने के लिए सिख संस्थाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# जैविक प्रक्रिया से कुंडों तक पहुंचने वाले जल का होगा शोधन

## गोकुल, नंदगांव और सुनरख के पांच कुंडों को दिया जाएगा प्राचीन स्वरूप

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः उत्तर प्रदेश** ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब गोकुल, वृंदावन और नंदगांव के पांच प्राचीन कुंडों को उनका मूल स्वरूप प्रदान करने जा रहा है। यहाँ इन कुंडों का सौंदर्यीकरण करते हुए जैविक प्रकिया के तहत गंदे पानी का शोधन भी किया जाएगा। कुंडों के सौंदर्यीकरण की इस परियोजना पर करीब पांच करोड़ की लागत आ रही है। इसकी शुरूआत गोकुल के अष्टसखी घाट कुंड से हो गई है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि गोकुल में यमुना किनारे ठकुरानी घाट और मुरली घाट के मध्य अष्टसखी घाट कुंड है, जो अब



तक कीचड से भरा रहता है। गोकुल के एक हिस्से का गंदा पानी भी इस स्थान पर एकत्रित होता है। अब इसके सौंदर्यीकरण की प्रकिया उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने शुरू कर दी है। यहाँ इससे सिल्ट निकली जा रही है। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि इसके बाद अष्टसखी घाट कुंड को प्राचीन स्वरूप के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इस पर पुणे की संस्था

**मूल स्वरूप**

**अब गोकुल, वृंदावन और नंदगांव के पांच प्राचीन कुंडों को उनका मूल स्वरूप प्रदान करने जा रहा**

ग्रीन वाटर रिव्होल्यूशन प्रालि काम कर रही है। यहाँ इस परियोजना के तहत सिविल वर्क के अलावा जैविक प्रक्रिया के तहत कुंडों का जल शोधन किया जाएगा। इसके लिए कुंडों में ग्रीन ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनमें बालू, पत्थर, वेक्टेरिया, खाद और पौधों का उपयोग होगा। इस प्रक्रिया के तहत कुंडों तक पहुँचने वाला गंदा पानी शोधित होगा। उन्होंने बताया कि गोकुल में अष्टसखी के अलावा वृंदावन सुनरख स्थित सौभरि कुंड, कोसी ड्रेन और नंदगांव स्थित ललिता कुंड और वृंदा कुंड का सौंदर्यीकरण भी शामिल है।

**अष्टसखी घाट का सीईओ ने किया निरीक्षणः** बुधवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने गोकुल स्थित अष्टसखी कुंड का निरीक्षण किया। यहाँ कुंड से सिल्ट निकलने का काम किया जा रहा है। इस पर काम कर रही संस्था ग्रीन वाटर रिव्होल्यूशन प्रालि के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत कुलकर्णी से परियोजना को लेकर होने वाले कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान पर्यावरण।

# कुंभ मेला क्षेत्र में खेती कर रहे किसानों की बढी बेचैनी, प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः नगर** के कुंभ मेला क्षेत्र में वर्षों से खेती बाड़ी करते चले आ रहे किसानों ने बुधवार को नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गुस्साए लोगों का आरोप है कि वह वर्षों से कुंभ मेला क्षेत्र में खेती करते चले आ रहे है, लेकिन कुंभ क्षेत्र के संरक्षित होने के बाद उन्होंने खेती करना तो बंद कर दिया है, लेकिन उनके पशु आज भी उक्त भूमि पर बनी झुग्गी झोपड़ियों रहते है। कुछ दिनों से नगर निगम के कुछ लोग उन्हें उक्त भूमि को खाली करने के लिए धमका रहे है। पूर्व में भी कुछ भूमाफियाओं ने सांठगांठ कर उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया था, लेकिन जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। उन्हें




ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक बार फिर भूमाफिया उक्त जमीन को कब्जाने की फिराक में है। उनका कहना था कि वह इस भूमि पर सिर्फ अपने पशुओं का पालन पोषण कर रहे है, ना उस पर कब्जा किए हुए है। उक्त भूमि पर जब भी प्रशासन किसी प्रकार का आयोजन करेगा वह स्वयं उक्त भूमि को खाली कर देंगे, लेकिन भूमाफिया उस पर कब्जा कर ले, वह ऐसा किसी भी हालत बर्दाशत नहीं करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। प्रदर्शन करने वालो में मुकेश निषाद, धर्मेंद्र, गोविंदा, देवेंद्र, सुदर्शन, दान बिहारी, विष्णु, मेघश्याम, भूरा,कुंजी, बिमला देवी, किरन देवी, चंद्रबती, गुड्डी, बीरमा आदि के अलावा सैकड़ो महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वेस्टसाइड ने फरीदाबाद में खोला अपना 240वां स्टोर

**फरीदाबाद।** मशहूर व्यापारिक घराने, टाटा के अंग वेस्टसाइड ने फैशन के शौकीनों को प्रेरित करने के उद्देश्य से हरियाणा के फरीदाबाद में अपना ताजातरीन स्टोर खोला है। वेस्टसाइड का यह स्टोर पैसिफिक मॉल, सेक्टर 20 बी, दिल्ली राजधानी क्षेत्र, फरीदाबाद- 121001 में स्थित है और 20,400 वर्ग फुट के दायरे में फैला हुआ है। हर पल स्टाइल को सरल बनाने के एक सचेत प्रयास के साथ, इसमें वेस्टसाइड के अधिकांश ब्रांड परिधान, एक्सेसरीज, कॉस्मेटिक्स और फुटवेयर उपलब्ध होंगे और ये सब चीजें एक ही स्थान पर आसानी से मौजूद होंगी। यह नया स्टोर, ब्रांड के खुदरा खरीदारी का असाधारण अनुभव प्रदान करने के दृष्टिकोण को सहजता से दशार्ता है, जो ग्राहकों को असाधारण मूल्य पर समकालीन और आधुनिक फैशन ट्रेंड प्रदान करता है। यह खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें सावधानीपूर्वक व्यवस्थित और करीने से पेश की गई चीजें जो नवीनतम फैशन को उजागर करती हैं। विशिष्ट शैली के साथ, ब्रांड नवोन्मेष को अपनाता है और हर तीन सप्ताह में शुक्रवार को अपने संग्रह को नया स्वरूप देता है। महिलाएं, फैशन के पसंदीदा लेबल को सबसे उपयुक्त कीमत पर खरीदने के लिए तैयार हो जाएं! वेस्टसाइड के भारतीय परिधान भी पश्चिमी परिधानों की तरह ही फैशनेबल और आकर्षक हैं। उत्सा, बहुमुखी संग्रह प्रदान करता है और यह रोजमर्रा के एथनिक वॉर्डरोब के लिए आधुनिक समाधान है। सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला बॉम्बे पैस्ले एक समकालीन, रचनात्मक, आजादी का अहसास कराने वाला फ्यूजन प्रस्तुत करता है जबकि वर्क आधुनिक, भव्य, खूबसूरत और परिष्कृत अवसरों के लिए समन्वित एथनिक परिधान है। वहीं जुबा प्रीमियम डे-वेयर है जो भव्यता और आधुनिकता को दशार्ता है जो बेहद शानदार और संयमित अंदाज में पेश किया गया परिधान है।

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया



**रेवाड़ी ।** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का विषय था मेरा पशु मेरा परिवार। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिवस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शांतनु मित्रा, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं। हमारा उद्देश्य सही उत्पादों एवं वित्तीय समाधानों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना है। पहले भी एक ही दिन में सबसे बड़े पशु देखभाल शिविर आयोजित करने के लिए पशु विकास दिवस- वर्ल्ड रिकॉर्ड्स युनियन, लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, बेस्ट ऑफ इंडिया रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुका है।

### ऑटो, बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल

**मथुरा। थाना** मगोर्रा क्षेत्रांतर्गत सौंख जाजनपट्टी मार्ग पर गांव फौंडर के निकट अज्ञात टैंपो की चपेट में आकर दो बाइक सवार लोग घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए निकट के अस्पताल में भेजा गया। दोनों के हाथ और पैरों में चोट आई हैं। दोपहर करीब एक बजे दीन दयाल उम्र तथा रामवीर निवासीगण ग्राम डोमपुरा अपने गांव से कहीं जा रहे थे तभी रास्ते में ग्राम फौडर के निकट एक अज्ञात टेंपो से एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट में दीनदयाल के दाहिने पैर में ऐडी के पास व रामवीर के दाहिने पैर में घुटने के पास चोट आई है । घायल व्यक्तियों को उनके परिजन के साथ उपचार हेतु हॉस्पिटल भेजा गया है।

# ब्रज में भक्त खेल रहे अपने आराध्य संग होली

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः तीर्थ नगरी** के प्राचीन ठा. राधावल्लभ लाल मंदिर में बनी होली पर भक्तों ने रंग गुलाल उड़ाकर अपनी भावना से एक दूसरे संग होली खेली। ब्रज में होली उल्लासपूर्वक मनाई जा रही है। कहा जाता है अगर राधाकृष्ण के प्रेम के प्रतीक के रंग भक्तों पर होते हैं, तो इसे राधा कृष्ण के प्रेम के समान माना जाता है और ब्रज में, रंग गुलाल बड़े उत्साह के साथ उड़ाया जा रहा है और हर कोई ठाकुरजी के प्रासदी गुलाल में सराबोर नजर आ रहा है। राधा वल्लभ मंदिर



में शुरू हुई गुलाल की होली का आनंद लूटने के लिए भक्त आ रहे हैं। मंदिर में होली का रंग बरस रहा है। भक्त भी ठाकुरजी की दिव्य होली के साक्षी बनने के लिए मंदिर आ रहे हैं। ठा. राधावल्लभ लाल ने भक्तों के साथ गुलाल की होली खेली।

**नृत्य**

**देश के कोने-कोने से आए भक्त भी ठाकुरजी के प्रसादी को पाकर धन्य हुए। गुलाल में रंगकर भक्त नृत्य करने लगे**

ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल पाकर भक्तों की खुशी का ठिकाना ना रहा। श्रृंगार आरती के बाद ठा. राधावल्लभ लाल ने कमर में फेंटा बांधकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर में होली के रसिया और समाज गायन वातावरण को और भी रंगीन बन रहा था। सेवायतों ने ठाकुरजी के कपोलो पर गुलाल लगाकर उसे प्रसादी किया। कपोलों पर गुलाल लगाने के साथ मंदिर में होली गायन के मध्य गुलाल से होली खेलने की शुरूआत हो गई। सेवायतों ने ठाकुरजी का प्रसाद भक्तों पर लुटाया। देश के कोने-कोने से आए भक्त भी ठाकुरजी के प्रसादी को पाकर धन्य हुए। गुलाल में रंगकर भक्त नृत्य करने लगे। मंदिर प्रांगण ठाकुर राधावल्लभ के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था।

# एचएमएसआई ने लॉन्च की ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल। होंडा मोटर**साइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपडेटेड ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 को लॉन्च किया, जो आधुनिक स्टाइलिंग, नवीनतम तकनीक और बेहतर सुरक्षा फीचर्स के साथ आती है। नई 2025 होंडा हॉर्नेट 2.0 की कीमत रु. 1,56,953 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई रेड विंग और बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। अपडेटेड हॉर्नेट 2.0 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, अगस्त 2020 में पहली बार पेश किए जाने के बाद से ही हॉर्नेट 2.0 इस सेगमेंट में गेम-चेंजर रही है। वर्षों से, हमने इस मोटरसाइकिल को लगातार अपडेट किया है और स्पेशल मोटोजीपीएडिशन मॉडल भी लॉन्च किए, जिन्हें हमारे ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। नई ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 के साथ, हम इस विरासत को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं, जो अधिक रिफाइंड राइडिंग अनुभव, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुरक्षा फीचर्स प्रदान करती है।" इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स और मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, "हम हॉर्नेट 2.0 के नवीनतम संस्करण को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो नए और रोमांचक फीचर्स के साथ आता है। इस मोटरसाइकिल में अब अधिक आक्रामक ग्राफिक्स, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एक उन्नत डिजिटल TFT डिस्प्ले, और होंडा सेलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल और डुअल-चैनल अइर जैसी सुरक्षा सुविधाएँ हैं।

### तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने ऑटो को मारी टक्कर, छह घायल

**कानपुरः घाटमपुर थाना** क्षेत्र के मुगल रोड पर बुधवार को फतेहपुर की तरफ जा रहे एक ऑटो को सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में ऑटो सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। घटना मुगल रोड की है जब एक ऑटो फतेहपुर की तरफ जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और चारों तरफ चीख पुकार मच गई और ऑटो सवार अजय उर्फ पिंटू, मनोरमा, नीतू तिवारी, लखन लाल, शिव सिंह और बारह वर्षीय शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नई गाड़ी चलाने के शौकीनों के लिए चुराते थे बाइक

## पुलिस ने अंतरराज्यीय दो बाइक चोर किए गिरफ्तार, 13 बाइक बरामद



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** वृंदावन पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नई बाइक चलाने वाले शौकीन युवाओं की डिमांड पर चोरी करने वाले दो अंतरराज्यीय बाइक चोरों को एक दर्जन से अधिक चोरी की बाईकों के साथ गिरफ्तार किया है। जिन्हें आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। देर रात्रि वृंदावन पुलिस को खास मुखबिर से सूचना मिली कि टू व्हीलर वाहनों के शौकीन युवाओं की डिमांड पर विभिन्न प्रांतों से बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर चोरी की हुई मोटर साइकिल से होकर सौ फूटा पुल के नीचे से गुजर रहे है। जैसे ही पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पुलिस ने नाकाबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने धौरेरा स्थित गौ ग्राम की झाड़ियों से एक दर्जन चोरी की बाइक बरामद की है।

पकड़े गए चोरों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम तारीफ पुत्र भव्वल व शौकीन पुत्र गुट्टन निवासी ग्राम हथिया थाना बरसाना बताए है। जिन्हें आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी,अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक हरीश चौधरी, उप निरीक्षक शिव शरन सिंह, उप निरीक्षक आशीष कुमार , उप निरीक्षक दुष्यंत कौशिक आदि शामिल रहे।

# फैक्ट्री में फटा ऑक्सीजन सिलेंडर, महिला मजदूर की मौत

## दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, हादसा बुधवार की सुबह हुआ

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** पायल की फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। एक महिला मजदूर की मौत हो गई जबकि कई मजदूर घायल हुए हैं। हादसा गोविंद नगर थाना क्षेत्र में गोविंद नगर के सेक्टर एफ में हुआ है। इस घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। लोगों ने बताया कि धमाका इतनी तेज था कि ऐसा लगा कि कहीं बम फट गया है। इस धमाके में महिला की लाश के परखच्चे उड़ गए। पुलिस को शव के चीथड़ों को बंटोरना पड़ गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग

**हादसा**

**फायरबिग्रेड की टीम ने आग पर पाया काबू। स्थानीय निवासियों के अनुसार आग से कई घर चपेट में आ सकते थे**

की टीमें मौके पर पहुंच गईं। चीफ फायर ऑफीसर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है पुलिस ने घटना स्थल की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी घटना के कारण की जांच कर रहे हैं साथ ही सिलेंडर फटने का कारणों का पता लगाया जा रहा है। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के महाविद्या कालोनी में 80 फुटा रोड स्थित सेक्टर एफ में बुधवार दोपहर 12 बजे एक मकान में ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। हादसे में संजना की मृत्यु हो गई। उनकी जेठानी मीना और भतीजा ठाकुर घायल हो गया। धमाका सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आ गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों में भी दरार आ गई। पुलिस ने महिला क्षत विक्षत शव को एकत्रित करके मोर्चरी में भिजवाया है।

**मोबाइल टावर में लगी आग**

शहर कोतवाली इलाके में बंगाली घाट चौकी क्षेत्र के गोपालपुर में, मोबाइल टावर में आग लग गई। स्थानीय निवासियों अनुसार करीब दो घंटे तक धू धू कर टावर जलता रहा। टावर में लगी आग से स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायरबिग्रेड की टीम ने आग पर पाया काबू। स्थानीय निवासियों के अनुसार आग से कई घर चपेट में आ सकते थे।

# बरसानाः दुकान के बाहर लगानी होगी रेट लिस्ट

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बरसाना में चलाया अभियान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। आगामी** त्योहार लठामार होली, रंगोत्सव पर्व के दृष्टिगत कस्बा बरसाना, जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं आने वाले श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा सुदामा चौक, रंगीली गली एवं फूल गली, बस स्टेण्ड, बरसाना में संचालित होटल, रेस्टोरेण्ट, मिठाई की दुकानों, डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष अभियान चलाकर सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मिलावट में संदेह के आधार



**कार्यवाही**

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी**

पर खाद्य पेय पदार्थों जैसे मिठाई पेड़ा, मिल्ककेक, सरसों का तेल, घी, दूध, इत्यादि के छह नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओ को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने व आस पास स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रतिष्ठानों पर ढक्क्नयुक्त डस्टबिन करने हेतु निर्देशित किया गया। होली, रंगोत्सव के दौरान यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता मिलावटी खाद्य पेय पदार्थ विक्रय करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

# किसानों बताया मृदा की सेहत का राज

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः उत्तर प्रदेश** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा विकासखंड स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को गांव गढीदद्दी, विकासखंड चौमुहां में आयोजित किया गया। यथा स्थान फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के प्रगतिशील कृषक क्षेत्रपाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में मृदा वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार राजपूत द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनों के बारे में जानकारी



दी गई एवं जमीन का स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहे के बारे में बताया गया। कम लागत में अधिक उपज कैसे ली जाये के विषय में जानकारी दी गई। फार्मर चेंज एजेंट जितेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में किसान एवं कृषक महिलाएं राजवती, सुनीता, जमुना, द्रोपदी प्रेमवती, गुड्डी, गीता, नरेश, रतन सिंह, प्रताप सिंह, मोहित, दिनेश पाल आदि 100 से अधिक किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

फास्ट न्यूज

## मार्च तक हो शुरू जाएगा आईएसबीटी पर बसों का संचालन

**इन्दौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, नगर निगम, वन विभाग आदि विभागों की समन्वय समीक्षा बैठक बुधवार को संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त ने बताया कि कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी लगभग बनकर तैयार हो गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस बस स्टैण्ड का संचालन अगले मार्च माह के मध्य तक शुरू हो जाएगा। शुरूआत में इस बस स्टैण्ड से गुजरात, राजस्थान और दिल्ली क्षेत्र में जाने वाली लगभग 200 बसें संचालित होंगी। इससे शहर में यातायात का दबाव कम हो जायेगा। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों की ओर जाने वाली बस की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

## युवक की मौत पर बवाल, पुलिस पर बरसाए पत्थर

**टोंक।** कस्बे में युवक की मौत पर बुधवार को बवाल हो गया। लोगों ने रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया। उन्हें समझाकर लौट रही पुलिस टीम पर लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव में देवली डीएसपी की गाड़ी समेत चार सरकारी वाहनों के शीशे टूट गए। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायर करने पड़े। ग्रामीणों का आरोप है कि मंगलवार को पुलिसकर्मी ने ट्रैक्टर से ड्राइवर को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद नगरफोर्ट थाना क्षेत्र के बालागढ़ गांव के लोगों ने स्टेट हाईवे-34 पर नगरफोर्ट-धूनी रोड को जाम कर दिया। बुधवार सुबह प्रशासन की टीम ग्रामीणों को समझाने गई थी। लौटते समय घटना स्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर कुछ लोगों ने रोड पर आकर रास्ता रोक लिया। अधिकारियों की गाड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया था। बवाल के बाद पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी लोगों के समर्थन में पहुंच गए। हालांकि शाम साढ़े चार बजे समझौता हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्राइवर विमल मीणा (26) पुत्र मोहन लाल मीणा ट्रैक्टर-ट्रॉली में मिट्टी भरकर गुराई की ओर से बालागढ़ स्थित घर आ रहा था। नगरफोर्ट थाने की पुलिस की 112 नंबर गाड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास आकर रुकी। ड्राइवर को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली में टेप रिकॉर्डर तेज आवाज में चलाने पर पुलिस जवानों ने विमल को ट्रैक्टर से उतारकर पुलिस गाड़ी में बिठा लिया। उसके बाद उसे बालागढ़ में उतार दिया। इस दौरान उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक पुलिसकर्मी चलाकर ले जाने लगा।

# 2013 कुम्भ : सपा के भ्रष्टाचार की सीएम योगी ने खोली पोल

### 2013 कुम्भ और 2025 के महाकुम्भ की तुलना कर सपा के भ्रष्टाचार को सीएम योगी ने खोला

चर्चा

▶▶ पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए कुम्भ 2013 की अव्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान महाकुम्भ 2025 के दिव्य-भव्य आयोजन और पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए कुम्भ 2013 की अव्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान आयोजित हुए कुम्भ 2013 में हुए भ्रष्टाचार और अव्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 2013 का कुम्भ प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था का शिकार था, जबकि 2025 का महाकुम्भ बेहतर सुविधाओं और सुनियोजित व्यवस्था के साथ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग 2013 में हुई अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार थे, वे आज महाकुम्भ 2025 की आलोचना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2013 में प्रयाग स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद प्रदेश के तत्कालीन मुखिया केंद्र सरकार पर तीखे हमले कर रहे थे। केंद्र सरकार से इन्हें पैसा भी नहीं मिल रहा था और जो पैसे खर्च किये गये उनमें बेहिसाब भ्रष्टाचार हुआ। मुख्यमंत्री ने 2014 की कैग की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया।



**केंद्र और राज्य सरकार ने कुल 7500 करोड़ रुपये खर्च किए**

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि इस बार केंद्र और राज्य सरकार ने कुल 7500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसमें महाकुम्भ के आयोजन पर 1500 करोड़ रुपये और प्रयागराज के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार के लिए शेष राशि खर्च की गई है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में पहले केवल दो एयरोड्रम थे, जिन्हें बढ़ाकर छह कर दिया गया है। अब तक 750 से अधिक फ्लाइट्स, प्लेन और चार्टर एयरक्राफ्ट प्रयागराज में उतर चुके हैं। रेलवे भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 3000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, महाप्रबंधक और डीआरएम की टीमें स्थानीय प्रशासन के साथ व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में जुटी हुई हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ 2025 भारत की शक्ति और उत्तर प्रदेश के गौरव का प्रतीक बन रहा है।

**महाकुम्भ 2025 बनाम कुम्भ 2013**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2013 और 2025 के आयोजन की तुलना करते हुए कहा कि कुम्भ की अवधि धार्मिक दृष्टिकोण से निर्धारित होती है और इस बार 45 दिन का आयोजन किया जा रहा है, जबकि 2013 में यह 55 दिनों का था। 2013 में कुम्भ का क्षेत्रफल मात्र 1936 हेक्टेयर (5000 एकड़ से भी कम) था, जबकि इस बार यह 10,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2013 में कुल 14 सेक्टर बनाए गए थे, जबकि 2025 में इनकी संख्या बढ़ाकर 25 कर दी गई है। पार्किंग क्षेत्र में भी बड़ा सुधार किया गया है, 2013 में 635 हेक्टेयर में पार्किंग व्यवस्था थी, जबकि इस बार इसे 1850 हेक्टेयर तक विस्तारित किया गया है, जिसमें 6 लाख से अधिक चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र उपलब्ध हो सका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2013 में प्रयागराज में कोई पक्का घाट, रिवर फ्रंट या आरओबी नहीं था, जबकि 2019 में 9 आरओबी और 6 अंडरपास बनाए गए। 2025 के आयोजन के लिए 14 फ्लाईओवर, 9 पक्के घाट और 7 रिवर फ्रंट तैयार किए गए हैं। अस्थायी घाटों की लंबाई 2013 में मात्र 4 किलोमीटर थी, जिसे 2025 में बढ़ाकर 12 किलोमीटर कर दिया गया है।

**यातायात और परिवहन सुविधाओं में किया गया बड़ा सुधार**
सीएम योगी ने बताया कि 2013 में श्रद्धालुओं के लिए शटल बसों की कोई व्यवस्था नहीं थी, जबकि इस बार 550 शटल बसें तैनात की गई हैं। रोडवेज बसों की संख्या 2300 से बढ़ाकर 7000 कर दी गई है।

**2013 का कुम्भ : अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का अड्डा**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 2013 के कुम्भ में हुई अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान केंद्र सरकार ने 1141.63 करोड़ रुपये और राज्य सरकार ने 10.57 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन फिर भी 59 प्रतिशत कार्य मेला शुरू होने तक पूरे नहीं हो सके थे। कैग की 2014 की रिपोर्ट के अनुसार, 2013 में जब श्रद्धालु एक तरफ आस्था की डुबकी लगा रहे थे, वहीं प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था। उन्होंने बताया कि 2013 में कई ठेकेदारों को करोड़ों रुपये देकर अनुचित लाभ दिया गया, शौचालयों की भारी कमी थी और तकनीकी मंजूरी के बिना करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए। सड़क चौड़ीकरण और मरम्मत के नाम पर बिना परीक्षण के 46.68 करोड़ रुपये जारी किए गए। 2013 में 9 करोड़ 1 लाख रुपये की सामग्री बिना किसी आवश्यकता के खरीदी गई थी।



विधानसभा पहुंचे एकलव्य विद्यालय के छात्र, मुख्यमंत्री धामी से की मुलाकात।

## एमपी में बढ़ने लगी गर्मी, तापमान 33 डिग्री तक पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल। मध्य प्रदेश में तापमान** धीरे धीरे बढ़ने लगा है। प्रदेश का तापमान 33 डिग्री पहुंच गया है। सोमवार को सबसे गर्म नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला और सिवनी रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बताया जा रहा है कि 22-23 फरवरी से ठंड का तीसरा दौर आने की संभावना है। वहीं, 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से मध्य प्रदेश में मौसम का बदल गया है। मंगलवार को ग्वालियर-चंबल में बारिश हुई, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिला। आज बुधवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में मौसम साफ रहेगा। ग्वालियर संभाग में बादल देखने को मिल सकते हैं। वहीं, 20 फरवरी को दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

## 'कौशल विकास में शोध संस्थानों की अहम भूमिका'




**टीम एक्शन इंडिया**
**झुंझुनू।** इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) स्किल कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि रहे और सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए उसके लाभों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस आवश्यकता उनके कौशल को निखारने की है जिसमें हमारे विश्वविद्यालय और सीरी जैसे शोध संस्थान अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

शोध पर बल

▶▶ सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 का सफल आयोजन

## हिमाचल को केंद्रीय बजट में नहीं मिला 11806 करोड़ : विक्रमादित्य सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। केंद्रीय रेल** राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के हिमाचल को 11,806 करोड़ रुपये के बजट आवंटन के दावे पर राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली से लौटने के बाद बुधवार को शिमला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का यह दावा पूरी तरह भ्रामक और तथ्यों से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिट्टू अभी नए-नए मंत्री बने हैं और अपने मंत्रालय के वास्तविक आंकड़ों से पूरी तरह वाकिफ नहीं हैं।



**गलत आंकड़ों से गुमराह करने का आरोप**
विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में हिमाचल को आवंटित धनराशि को लेकर अभी तक कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, ऐसे में बिट्टू द्वारा 11,806 करोड़ रुपये देने का दावा करना गलत है। इस तरह के बयान केवल भ्रांतियां फैलाने के लिए दिए जा रहे हैं, जबकि जमीनी सच्चाई कुछ और ही है।

आरोप

▶▶ आरोप लगाया कि बिट्टू अभी नए-नए मंत्री बने हैं और अपने मंत्रालय के वास्तविक आंकड़ों से पूरी तरह वाकिफ नहीं हैं



मप्र के मुख्यमंत्री ने हरियाणा के राज्यपाल का किया स्वागत, प्रदेश की विकास गतिविधियों की दी जानकारी।

## अब पार्षद के घर बायोमेट्रिक से हाजिरी लगाएंगे सफाई कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी। नगर** निगम के मेयर गजराज बिष्ट ने नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बुधवार को नगर निगम सभागार में बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने सभी सफाई नायकों से सुझाव लिया और शहर में सफाई की नियमितता को सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। मेयर बिष्ट ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पार्षद के कार्यालय में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। इसके तहत सफाई कर्मचारी अपने संबंधित वार्ड में सफाई के काम के लिए पार्षद के घर जाकर अंगूठा लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इस निर्णय से सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और कर्मचारियों की नियमितता को बढ़ावा मिलेगा।




यात्रा — सभी तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही इस दौरे की तमाम व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के संबंध में विचार-विमर्श किया

## पीएम के हर्षिल-मुखवा दौरे को लेकर प्रशासन की तैयारियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड में चार धाम शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर्षिल-मुखवा की प्रस्तावित यात्रा को शासन प्रशासन अंतिम तैयारियों में जुटे हैं। मंगलवार को सचिव मुख्यमंत्री व आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय, सचिव प्रोटोकॉल विनोद कुमार सुमन, आईजी गढ़वाल मंडल राजीव स्वरूप ने जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हर्षिल से लेकर मुखवा तक चल रही सभी



तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही इस दौरे की तमाम व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के संबंध में विचार-विमर्श किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सचिव एवं मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री के स्वागत से लेकर प्रस्थान तक के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के लिए सभी प्रबंध तय प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का ध्यान रख सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भ्रमण को लेकर की जा रही व्यवस्थाएं भव्य व त्रुटिरहित हों और सभी कार्य तय समय पर पूरे किए जांय। प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा के दौरान इस महत्वपूर्ण आयोजन में इस क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं एवं पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम भी सम्मिलित किए जाने का निश्चय किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सचिव एवं मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री के स्वागत से लेकर प्रस्थान तक के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के लिए सभी प्रबंध तय प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का ध्यान रख सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भ्रमण को लेकर की जा रही व्यवस्थाएं भव्य व त्रुटिरहित हों और सभी कार्य तय समय पर पूरे किए जाय।